हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025



# जिले की छह निकायों में मधुसूदन ने सर्वाधिक आठ लाख रुपए किए खर्च, शिवसेना प्रत्याशी माखन ने महज 10000 रुपए में लड़ा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के दौरान अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रत्याशियों ने जमकर पैसा बहाया। बैनर-पोस्टर और झंडों से लेकर कार्यालय में भी हजारों-लाखों रुपए प्रत्याशियों के खर्च हुए, लेकिन जिले की पांच निकाय में चुनावी खर्च के मामले में सबसे आगे राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव रहे। उन्होंने अपने चुनाव में 8.06 लाख रुपए खर्च किए। जबकि महापौर चुनावी मैदान में उतरे शिवसेना प्रत्याशी माखन यादव ने सबसे कम महज दस हजार रुपए खर्च कर अपना चुनाव लड़ा।

उल्लेखनीय है कि हर चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा खर्च करने की लिमिट पहले ही निर्वाचन आयोग द्वारा तय कर दी जाती है। यह सुनिश्चित करने की प्रत्याशियों ने तय लिमिट से अधिक व्यय नहीं किया है। इसके लिए प्रत्याशियों को अपना खर्च का हिसाब देना होता है। इसके लिए बकायदा अलग से एक नया बैंक अकांउट भी खुलवाया जाता है। फरवरी महीने में कराए गए निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा खर्च राशि का अंतिम हिसाब जमा हो गया है। जमा किए गए हिसाब के अनुसार किसी भी प्रत्याशी ने तय लिमिट से अधिक खर्च नहीं किया है। ज्ञात हो कि बिना किसी ठोस कारण के निर्धारित समय-सीमा के अंदर चुनाव खर्च का लेखा-जोखा दाखिल नहीं करने वाले प्रत्याशी को निर्वाचन आयोग की तरफ से 3 साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। वहीं तय लिमिट से अधिक खर्च करने पर प्रत्याशी निर्वाचन व्यय की सीमा से अधिक खर्च किए जाने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-8ए के अंतर्गत भ्रष्ट आचरण का दोषी पाए जाने पर उच्च न्यायालय द्वारा 6 वर्ष तक प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## अधिक खर्च कर भी हारी नलिनी, बाकी सभी जीते




जिले की छह नगरीय निकाय में केवल डोंगरगढ़ निकाय ऐसा है, जहां अधिक खर्च करने वाला प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत पाया है। यहां कांग्रेस की नलिनी मेश्राम ने 4.48 लाख खर्च किए। जबकि भाजपा के रमन डोंगरे ने 4.15 लाख खर्च कर चुनाव जीत लिया। बाकी शेष सभी पांच निकाय, जिनमें राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगांव नगर पंचायत, नगर पंचायत एलबी नगर और छुरिया नगर पंचायत में अधिक खर्च करने वाले प्रत्याशी ने ही चुनाव में जीत दर्ज की है।

## निगम में 15, नगर पंचायतों में छह लाख खर्च करने की थी लिमिट

ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर चुनावी खर्च में बदलाव किया जाता है। इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में आयोग द्वारा नगर निगम प्रत्याशियों के लिए अधिकतम 15 लाख रुपए खर्च की सीमा तय की थी। वहीं नगर पालिका परिषद, जिनमें डोंगरगढ़ नपा शामिल है। यहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को अधिकतम आठ लाख रुपए खर्च की अनुमति थी। ऐसे ही नगर पंचायत, जिनमें छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं एलबी नगर शामिल है। यहां अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को अधिकतम छह लाख रुपए खर्च की सीमा तय की गई थी।

## निकायवार प्रत्याशियों का खर्च

**राजनांदगांव नगर पालिक निगम**
- मधुसूदन यादव, भाजपा 806460
- निखिल द्विवेदी, कांग्रेस 737846
- कमलेश स्वर्णकार, आप 63360
- शमशुल आलम, बसपा 46500
- महेंद्र जंघेल, जोहार छग पार्टी 16205
- माखन यादव, शिवसेना 10000
- दीपा लव रामटेके, निर्दलीय 54748
- केवल रजक, निर्दलीय 11200
- राजेश गुप्ता चंपू, निर्दलीय 216669
- राकेश ठाकुर, निर्दलीय 94379
- संदीप शुक्ले, निर्दलीय 36900

**एलबी नगर नगर पंचायत**
- देवेंद्र साहू, भाजपा 200451
- राजू मंडल, कांग्रेस 136290
- राकेश सिन्हा, निर्दलीय 50000
- उषा यदु, निर्दलीय 37640

**डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद**
- नलिनी मेश्राम, कांग्रेस 448013
- रमन डोंगरे, भाजपा 415850
- अम्बरीश टांडिया, गोंगपा 15456
- भारत भूषण मेश्राम, निर्दलीय 40724
- दीपक कुमार, निर्दलीय 22550
- मुकेश रामटेके, निर्दलीय 106090

**डोंगरगांव नगर पंचायत**
- अंजु त्रिपाठी, भाजपा 230600
- पुष्पादेवी साहू, कांग्रेस 81200
- पिंकी लोढ़ा, निर्दलीय 68860
- सरिता ढीमर, निर्दलीय 110800

**छुरिया नगर पंचायत**
- अजय पटेल, भाजपा 211983
- रितेश जैन, कांग्रेस 68806
- मनभावन उईके, हमर राज पार्टी 204365
- भोजवानी साहू, निर्दलीय 57910

## खबर संक्षेप

### एमआईसी बैठक आज




**राजनांदगांव।** नई शहर सरकार की पहली एमआईसी बैठक आज होने जा रही है। आगामी साल के लिए शहर विकास को लेकर बजट भी इस बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा कुछ और मुद्दों पर फैसले एमआईसी में लिए जाएंगे। ज्ञात हो एमआईसी गठन के बाद यह पहली बैठक है।

### मांय एंगल




### उपार्जन केंद्रों के साथ ही संग्रहण केंद्रों में भी लाखों क्विंटल धान डंप

# उठाव में सुस्ती से सूख रहा समितियों में पड़ा धान, हर बोरी में 2 किलो तक शार्टेज!

## समिति प्रबंधकों ने शासन को ज्ञापन सौंपने की बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी थमने के दो महीने बाद भी अब तक जिले की अधिकांश समितियों में हजारों क्विंटल धान खुले में पड़ा हुआ है। तेज धूप के बीच खुले आसमान में रखे हुए इस धान में शार्टेज की शिकायत भी सामने आ रही है। हर एक बोरी में दो किलो तक वजन कम हो रहा है। ऐसे में समिति प्रबंधकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि उठाव में देरी को देखते हुए सरकार को सूखत के मामले में राहत देनी चाहिए।

ज्ञात हो कि तीन साल पहले भी जिले में छह महीने से अधिक समय तक धान समितियों में डंप रहने के चलते करोड़ों रुपए का धान न केवल सड़ गया था, बल्कि हजारों क्विंटल धान का शार्टेज भी देखने को मिला था। नियमानुसार धान का शार्टेज आने पर समिति प्रबंधकों से वसूली की जाती है। यही कारण था कि इस बार दिसंबर-जनवरी महीने में लगातार ज्ञापन के माध्यम से समिति प्रबंधक संघ ने उठाव में तेजी लाने की मांग की थी। जिसके बाद प्रशासन ने भी उठाव की रफ्तार तेज करने की बात कही थी, लेकिन आज दो महीने बाद भी समितियों में हजारों क्विंटल धान डंप पड़ा हुआ है।



### जिले में 70.14 लाख क्विंटल खरीदी

ज्ञात हो कि इस बार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक चली धान की सरकारी खरीदी के दौरान राजनांदगांव जिले में 125611 किसानों से 70.14 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 67266 किसानों से 40.37 लाख क्विंटल एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 41110 किसानों से 22.20 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### संग्रहण केंद्र फुल, जिम्मेदार कौन

केवल समितियों में ही धान डंप नहीं है, बल्कि जिले के चार संग्रहण केंद्र भी धान से हाउसफुल है। मिली जानकारी के अनुसार इन संग्रहण केंद्रों में लगभग 1.30 लाख मैट्रिक टन धान डंप है। ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि इस धान की नीलामी की जाएगी, लेकिन अब तक नीलामी को लेकर शासन स्तर से कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला है। जिसके चलते संग्रहण केंद्रों में ही सवा लाख मीट्रिक टन से अधिक धान डंप पड़ा हुआ है।

### जिले में 96 केंद्र अधिकांश में जाम

मिली जानकारी के अनुसार जिले में उपार्जन केंद्रों में लगभग 80 हजार मीट्रिक टन धान डंप है। समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 96 उपार्जन केंद्रों में गिनती के ही केंद्र में धान की मात्रा कम है। लगभग 90 फीसदी उपार्जन केंद्रों में हजारों क्विंटल धान डंप पड़ा हुआ है। ऐसे में बे-मौसम बारिश, तेज धूप से धान प्रभावित हो रहा है। जिसकी जिम्मेदारी शासन को लेनी चाहिए। उनका कहना है कि पिछले साल जब प्रदेश स्तर पर समिति प्रबंधकों ने आंदोलन किया था। उस दौरान सरकार ने यह कहा था कि 28 फरवरी के बाद शेष धान में सूखत नहीं वसूला जाएगा।

# आग में जलकर घर का सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम अछोली में गुरुवार को दोपहर पैरावट में लगी आग ने समीप के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था, जब लोगों ने आग की लपटे देखी, तब आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं फायर बिग्रेड व पुलिस को इसकी सूचना दी गई। काफी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया जा सका।



घटना डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अछोली की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर अचानक गांव के बांस पेडों में आग लगी, जो फैलते-फैलते समीप के पैरावट से होते हुए यहां स्थित छह लोगों के घर तक पहुंच गई। बताया गया कि घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था, घर के लोग काम करने के लिए बाहर गए हुए थे। अछोली निवासी हीरालाल पुजेरी, बिहारी पुजेरी, रवि पुजेरी, जितेन्द्र पुजेरी, सोमेश एवं खिलेन्द्र के घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। बताया गया कि उक्त लोगों का घर आपस में लगा हुआ है। इस घटना की सूचना पर मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पुलिस भी मौके पर पहुंचे। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा अन्य भी घटनाक्रम की जानकारी लेने के लिए मौके पर मौजूद रहे। आग पर काबू पाने के पश्चात ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### ग्रामीण सहित फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू

इधर घरों से आग और धुंआ का गुबार निकलते जब ग्रामीणों ने देखा तो ग्रामीणों में हडकंप मच गया था। ग्रामीण अपनी-अपनी ओर से बर्तनों में पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं फायर बिग्रेड एवं पुलिस को आग लगने की घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर अंबागढ़ चौकी, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं एबीस की फायर बिग्रेड वाहन टीम के साथ पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

# ईद पर सजा सेवइयों का बाजार, घरों में रौशनी, 31 को मनाया जाएगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति, सद्भाव, अमन और भाईचारे का प्रतीक ईद-उल-फितर का पर्व चांद दिखने पर 31 मार्च को मनाया जाएगा। इधर ईद की तैयारी को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह नजर आ रहा है। वहीं ईद पर्व पर घरों में बनने वाली सेवईयों का बाजार भी सज गया है। रंग-बिरंगी सेवईयों की जमकर खरीदी की जा रही है। शहर के जामा मस्जिद और हन्फी मस्जिद गोलबाजार के आसपास सेवईयों की दुकानें सजी हुई है। ईद पर्व को लेकर शहर के विभिन्न मस्जिदों में भी लाईटिंग के जरिये आकर्षक सजावट की गई है।

ईद पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नए कपड़ो और सेवइयों के लिए सूखे मेवों की भी जमकर खरीददारी की है। ईद पर्व को लेकर शाम के बाद बाजार में रौनक देखी जा रही है। इबादत का महीना रमजान लगते ही मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद पर्व को लेकर अपने घरों में विशेष साफ-सफाई की। वहीं घरों में लाईटिंग कर रौशनी की गई है। समाज के लोगों में ईद पर्व का उत्साह नजर आ रहा है।



### ईदगाह में विशेष नमाज

रमजान महीने के 29 या 30 रोजे पूरे होने के बाद ईद का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व ईद का चांद दिखने के बाद मनाने का रिवाज है। ईद के मौके पर शहर के ईदगाह में विशेष नमाज अदा कर मुस्लिम समाज द्वारा देश की तरक्की और अमन की दुआ मांगी जाती है।

# लॉज के कैमरे दुरुस्त कराने दिए निर्देश दूरी के हिसाब से किराए लेने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्रि पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के मद्देनजर पुलिस ने होटल व लॉज संचालकों एवं क्षेत्र के आटो चालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं समझाईश दी।

चैत्र नवरात्रि पर्व 30 मार्च से प्रारंभ हो रहा है, जिसे ध्यान में रखते 27 मार्च को थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार कमल किशोर साहू एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र के होटल व लॉज संचालकों एवं ऑटो चालकों की बैठक ली।

होटल, ढाबा एवं लॉज संचालकों व कर्मचारियों को नियमों का पालन करते होटल, ढाबा एवं लॉज में आने व ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण पता, पहचान पत्र सहित आने-जाने एवं ठहरने के कारण सहित जानकारी रखने एवं रजिस्टर में इंद्राज करने के साथ ही संदिग्ध लगने पर तत्काल थाना को सूचना देने हेतु समझाईस दिया गया है।

होटल, ढाबा एवं लॉज में लगे खराब सीसीटीवी कैमरा को तत्काल ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया है। होटल व लॉज संचालकों एवं ऑटो चालकों से दर्शनार्थियों के साथ किसी भी प्रकार से अभद्र व्यवहार नहीं करने हिदायत दिया गया है।

**निर्धारित दर पर लें किराया:** बैठक में नवरात्रि पर्व को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा के दौरान मीटिंग में उपस्थित हुए होटल व लॉज संचालकों एवं ऑटो चालकों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। ऑटो चालकों को बाहर से आए दर्शनार्थियों से शालिनतापूर्वक व्यवहार करते दूरी हिसाब से पूर्व में तय निर्धारित दर पर ही किराया लेने व दर्शनार्थियों से अनाप-शनाप किराया नहीं वसूलने हिदायत दिया गया।

# शराब पीने उपलब्ध कराया संसाधन छह ठेला संचालक पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क किनारे ठेले के आड़ में अवैध रूप से शराब पीने हेतु संसाधन उपलब्ध कराने वालों पर डोंगरगांव पुलिस ने रेड कर छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में अवैध जुआ, शराब के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते कार्रवाई की जा रही है। 26 मार्च को थाना डोंगरगांव के ग्राम अर्जुनी एवं ग्राम कोकपुर में सड़क किनारे ठेले के आड़ में अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने हेतु संसाधन उपलब्धं कराने वाले पर थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर रेड कार्रवाई करते 6 आरोपी गोविंदा निषाद 35 साल पता रातापायली, संतोष साहू 40 साल पता ग्राम अर्जुनी, महेन्द्र कुमार साहू 42 साल पता ग्राम कोकपुर, नंदकिशोर साहू 40 साल पता ग्राम कोकपुर, कमलकिशोर टेकाम 22 साल ग्राम अरसीटोला सभी थाना डोंगरगांव, आशीष ठाकुर 24 साल पता रेवाडीह को पकड़कर उनके खिलाफ अपराध धारा- 36-सी आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।



### महादेव सट्टा एप मामले को लेकर लगातार चल रही जांच-पड़ताल

# लगातार दूसरे दिन एएसपी के घर पहुंची सीबीआई की टीम, घंटों जांच-पड़ताल के बाद कागजात किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महादेव सट्टा एप मामले में दो दिनों से जारी सीबीआई की छापेमार कार्रवाई के तहत दूसरे दिन गुरुवार को भी एक टीम ने शहर में दस्तक दी। पांच सदस्यीय सीबीआई की टीम ने सनसिटी स्थित एएसपी अभिषेक महेश्वरी के मकान की तलाशी ली है। परिजनों की उपस्थिति में घर के भीतर करीब दो से तीन घंटे तक खोजबीन चलती रही। जिसके बाद टीम अपने साथ कुछ कागजात लेकर निकली। ज्ञात हो कि एएसपी अभिषेक महेश्वरी की इस समय जशपुर जिले के झागरगुंदा में पोस्टिंग है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को आई सीबीआई की टीम ने एएसपी के मकान में किसी की उपस्थिति नहीं होने के बाद वहां ताला सील कर दिया था। जिसके बाद उनके परिजनों को अगले दिन यानि गुरुवार को उक्त मकान में बुलाया गया था, जहां परिजनों की मौजूदगी के बीच सीबीआई की टीम ने अपनी जांच-पड़ताल की। बताया गया कि इस दौरान घर के अलग-अलग कमरों में सीबीआई अफसरों ने कागज की तलाशी की। करीब दो से तीन घंटे की तलाशी के बाद टीम अपने साथ कुछ पेपर लेकर निकल गई। ज्ञात हो कि राजनांदगांव के अलावा रायपुर में भी एएसपी अभिषेक महेश्वरी के घर पर सीबीआई ने दस्तक दी थी।



### क्राइम प्रभारी रहे महेश्वरी

एएसपी अभिषेक महेश्वरी पिछले भूपेश सरकार के दौरान शक्तिशाली अफसरों में शामिल थे। वे लंबे समय तक राजधानी रायपुर में क्राईम प्रभारी थे। वहीं इससे पहले वे 2018 में राजनांदगांव जिले में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उस दौरान उन्हें राजनांदगांव जिले में भी क्राईम संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी।

### परिजनों पर भी नजर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम एएसपी अभिषेक महेश्वरी की पूरी जानकारी पहले ही जुटा चुकी है। बताया गया कि पिछले कुछ सालों में उनके एवं उनके करीबी रिश्तेदारों द्वारा खरीदे गए जमीन के सौदों पर भी सीबीआई टीम की नजर है। ऐसा बताया जा रहा है कि डोंगरगांव एवं उसके आसपास के इलाकों में अच्छी-खासी जमीन की खरीदी पिछले कुछ समय में की गई है।

# कांग्रेस नेताओं पर सीबीआई की कार्रवाई का विरोध, पुतला दहन के साथ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस नेताओं पर सीबीआई की जांच को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा और सीबीआई का पुतला दहन किया गया। जयस्तंभ चौक में कांग्रेसजनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते पुतला जलाकर कार्रवाई का विरोध किया।



महादेव सट्टा एप मामले को लेकर बुधवार को सीबीआई की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास सहित दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर नेताओं और अधिकारियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। पूर्व मुख्यमंत्री के घर सीबीआई की रेड को लेकर कांग्रेसजनों ने आक्रोश जताया। शहर के जयस्तंभ चौक में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी और सीबीआई का पुतला दहन किया। इस दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों ने पुतले पर पानी और अग्निशामक पावडर डालकर पुतले की आग बुझाई। इस प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी, माया शर्मा, महेंद्र यादव, विभाग साहू, रोशनी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### डरने वाले नहीं कांग्रेसी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारू व वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने कहा कि लगभग 15 दिन पूर्व ईडी ने छापेमार कार्रवाई की थी, लेकिन कुछ नहीं मिला था। अब सीबीआई की कार्रवाई कराई जा रही है, अभी भी कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् देवी भागवत कथा 30 से

**सेंदरी।** ग्राम में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक रखा गया है। ज्ञान यज्ञ में परायणकर्ता पं. कुलेश्वर प्रसाद महाराज होंगे, जो भक्तों को देवी भागवत कथा का रसपान कराएंगे। यह विद्यार्थी संग माँ दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम के तहत 30 मार्च को कलश यात्रा, वेद पूजन, देवी महात्म्य, 31 को मधु कैटभ वध, व्यास जन्म, जन्मजय कथा, एक को ब्रम्हा उत्पत्ति, सत्यव्रत, निवृत्तिवादी कथा, 2 को चंद्रवंश कथा, महिषासुर वध, 3 को नर नारायण कथा, राजा हरिश्चंद्र कथा, 4 को प्रजापति जन्म, सती चरित्र, पार्वती विवाह, चंड-मुंड वध, 6 को तुलसी कथा, गीता हवन एवं प्रसादी वितरण होगा। कथा का वाचन दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा।

### जेवर और नकदी की चोरी

**डोंगरगढ़।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में उठाईगिरी एवं चोरी की घटना बढने लगी है। मंगलवार की रात को ग्राम देवकटटा में अज्ञात चोर जेवरात सहित लगभग डेढ़ लाख की चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत के बाद पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस के अनुसार देवकटटा निवासी खुम्मन कंवर ने शिकायत में बताया कि गत गत 25 मार्च को वह परिवार सहित खाना खाकर सो रहे थे। सुबह पूजा घर का दरवाजा टूटा पड़ा था। आलमारी से नगदी 1 लाख, चांदी के जेवर लच्छा, करधन, सोने की फुल्ली, कान की रिंग एवं मंगल सूत्र गायब थे।

### ढारा में भागवत कथा का आयोजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम ढारा में वैष्णव समाज ने भागवत कथा का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भगवान राधे कृष्णा की पूजा अर्चना कर महाराज से मुलाकात की। उन्होंने कथा का श्रवण किया। इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच आरती मोहन मंडल, राजू सिंह राजपूत, अमित वैष्णव, शत्रुघ्न टांडेकर, दीपेन टांडेकर, सविता वैद, निलेश वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### गौठान की जमीन को कराया खाली



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुसरा ने अतिक्रमित जमीन को खाली कराने की मुहिम शुरू किया है। ग्रामसभा में प्रस्ताव होने के बाद तहसीलदार और पुलिस के सहयोग से गौठान की भूमि पर किए गए निर्माण को जेसीबी से हटाया गया। सरपंच गायत्री टेम्भुरकर बताया कि मुसराखुर्द निवासी विनोद वैष्णव गौठान की भूमि पर कब्जा कर मकान बना रहा था। ग्राम पंचायत ने 3 मई 24 को आदेश जारी कर जगह खाली करने कहा गया था। आदेश का पालन नहीं करने पर गत 26 मार्च को जमीन खाली कराया गया।

### बैठक में नववर्ष मनाने का निर्णय

**सड़क अतरिया।** हिन्दु युवा संगठन नर्मदा ने हिन्दू नव वर्ष को लेकर बुधवार को नर्मदा मंदिर में बैठक आहुत किया। बैठक में आगामी रविवार को नववर्ष उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाने की रूपरेखा बनाया गया है। हिंदू नव वर्ष पर मंदिर परिसर को भगवा पताका के साथ सजाया जाएगा। डीजे के साथ कलश यात्रा निकालने पर चर्चा किया गया। गांव के मध्य 51 फिट का झंडा लगाया जाएगा। बैठक में रवि जंघेल, गंगाराम निषाद, गुलशन चंदेल, निखिल यादव, प्रियांशु वर्मा, सुमित सिंहा, सौरभ सिंहा, राहुल गोस्वामी, त्रिलोक निषाद, जितेंद्र जंघेल, जागेश्वर निषाद, अमर श्रीवास, रवि नामदेव, कोमल दुबे आदि मौजूद थे।

---

दूसरी पारी में नगर को सुंदर बनाने, पीएम आवास पर फोकस करेंगे अध्यक्ष

# कर्मियों को दिया सेवा का मंत्र और कार्रवाई की चेतावनी

## बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बुधवार को निकाय के अधिकारी कर्मचारियो की बैठक कर सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का निर्देश दियाा। उन्होंने आगाह किया कि काम ऐसा होना चाहिए कि उसमे पारदर्शिता और ईमानदारी नजर आए।

नगर पंचायत के सभागृह में दो घंटे चली बैठक में अध्यक्ष मानिकपुरी ने शाखा वार प्रमुखो से वन टू वन बात कर कार्यों की समीक्षा की। अध्यक्ष ने सीएमओ एवं उपयंत्री को निर्देश दिया कि पब्लिक सेक्टर से जुडे सभी कार्य एक सप्ताह के अंदर डिस्पोजल होना चाहिए। बेवजह काम रोकने, गलत आचरण करने तथा अनुचित मांग की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने सीएमओ को सभी कर्मचारियो के कार्यो की सतत मानिटरिंग करने और सभी शाखाओ का रूटिन में डेली अपडेट लेकर अवगत कराने के निर्देश दिया।

बैठक में अध्यक्ष ने जल, सफाई, प्रकाश, लोक निर्माण , राजस्व, लेखा शाखा, स्थापना शाखा के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, तिलक यादव, जलील रब्बानी, रामसाय पटेल, राजीव बारसागढे, सोफू जिलानी, दशरथ शर्मा, दीपक सलामे, रामकुमार देवांगन, लोकेश सलामे, पीर खान, मकबूल खान, चेतन साहू, सिद्धार्थ देवांगन सहित आदि उपस्थित थे।



### लंबित कार्य पूरे हो

नगर अध्यक्ष ने सालों से रूके नामातंरण, भवन अनुज्ञा से प्रकरण में लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने कहा कि एक- दो साल से रूके हुए प्रकरणों एवं कार्यो को तत्काल निष्पादन होना चाहिए। नियमितिकरण एवं डायवर्सन को लेकर आ रही समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराते हुए मार्गदर्शन लेकर काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकाय की आय में वृद्धि के लिए यह आवश्यक है। निकाय क्षेत्र में निर्मित मकानो को राजस्व रिकार्ड से जोड़ने और नागरिकों से टैक्स लेकर समुचित सुविधा प्रदान करे। उन्होंने राशन कार्ड, पेंशन, जन्म मृत्यु व विवाह पंजीयन तथा छोटे छोटे कार्यो को लेकर पहुंचने वाले नागरिको के कार्यो को तीन दिवस के अंदर करने कहा।

### सिर्फ दो बार क्षमा

नगर पंचायत अध्यक्ष मानिकपुरी ने लापरवाह कर्मचारियों को आगाह किया कि वह किसी का नुकसान नहीं चाहते है लेकिन उन्होने अपने व्यवहार में परिवर्तन नहीं किया और कार्यो को शिकायत मिली या लेन देन का आरोप प्रमाणित हुआ तो वह किसी भी कर्मचारी को क्षमा नहीं करेगे। सामान्य शिकायतें मिलने पर दो बार क्षमा करेंगे और तीसरी बार कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। पीएम आवास, पेंशन, पंजीयन तथा परिवार सहायता योजना में गड़बड़ी तथा राशनन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने, हटाने में आर्थिक अनियमितता की शिकायतें मिली तो सीधी कार्रवाई होगी। उन्होंने कर्मचारियों से साफ शब्दों में कहा कि जो यंहा से जाना चाहते है वह स्वयं चले जाए अन्यथा शिकायत मिलने पर जाना पडेगा।

### पीएम आवास व स्वच्छता पर फोकस

अध्यक्ष श्री मानिकपुरी ने कहा कि पहले कार्यकाल में नगर ओडीएफ टाउन बना था और अब वह दूसरे कार्यकाल में स्वच्छता की दिशा में आगे ले जाना चाहते है। उन्होंने नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नगरवासियो के व्यवहार में परिवर्तन लाने की दिशा में टीम भावना के साथ कार्य करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि उन्हे प्रधानमंत्री के ड्रीम संकल्प स्वच्छ भारत मिषन एवं हर व्यक्ति को छत के लिए पीएम आवास योजना का लाभ पात्र लोगों को दिलाना है।

### सीख लेने इंदौर जाएगी टीम

अध्यक्ष मानिकपुरी अपने खर्चे से निकाय के सफाई कर्मचारियो को अध्ययन एवं संपूर्ण स्वच्छता का मूल मंत्र लेने इंदौर लेकर जाएंगे। यह अध्ययन दल अप्रेल में इंदौर जाएगा। यहां कचरा कलेक्शन, कचरा का निष्पादन, नाली, नालों की सफाई सहित स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का अध्ययन करेगा। टीम में लोक निर्माण शाखा के कर्मचारी भी शामिल रहेंगे।

---

# सूख गई तीनों नदियां गहराया जल संकट

## रेत माफिया ने बढ़ाई परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

ग्राम पंचायत मुड़पार में एक समय ऐसा भी था जब लोगों को मात्र 50 फिट की गहराई में लबालब पानी मिल जाता था, पर लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। यह हालत रेत खनन के लिए नदियों को खाली करने के कारण बनी है।

मुड़पार में छोटी बड़ी 3 नदी है जिसमे से कांग्रेस कार्यकताओं की मेहरबानी और धमकी के बीच रेत का खनन लगातार हो रही है।नदी के सूखने और रेत खनन की शिकायत होने के बाद भी प्रशासन राजनीतिक दबाव में कार्रवाई नहीं करता है। कभी कार्रवाई होती भी है तो एक घंटे बाद रेत के परिवहन में लगी गाड़ी को छोड़ दिया जाता है। यह गाड़ी छूटने के बाद फिर रेत के परिवहन में जुट जाती है। रेत के कारोबार के चलते जल स्तर नीचे चला गया है और ग्रामीणों को पानी को तरसना पड़ रहा है।

### माफिया को नेताओं का संरक्षण

जनप्रतिनिधियों का संरक्षण जानकारी के अनुसार खनिज के कारोबार में लगे लोगों को पंचायत प्रतिनिधियों का संरक्षण हासिल है। भाजपा राज में भी अधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता की सुन रहे हैं जो समझ से परे हैं। बताया जाता है कि खनिज के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने के कारण एक अधिकारी का ट्रांसफर करवा दिया गया जबकि गांव में अब भी 300 ट्रिप के रेत डंप है।

---

# गांव-गांव में योजनाओं का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

- ग्रामीणों को बताई जा रही लाभ लेने की प्रक्रिया



सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय दक्कोटोला के कार्यकर्ता 15 ग्रामों में बैठक लेकर शासकीय योजनाओं का प्रचार कर रहे है। वह घर घर जाकर संपर्क अभियान चला रहे हैं ताकि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहें।

इस अभियान के सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का दावा पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार का दावा पत्र भरने की प्रक्रिया, आधार कार्ड बनवाने, लिंक कराने, आयुष्मान कार्ड, किसान आईडी, जिला परिवर्तन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कुक्कुट, मछली पालन, छात्रवृत्ति आदि से संबंधित सेवा दे रहे हैं। कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने बताया कि संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बंगलौर के तत्वावधान में यह लोक कल्याणकारी कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों को लेकर कार्य कर रही है। संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी, सरिता कोरेटी, गजाराम धुर्वे के प्रयास से वनांचल के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### सम्मेलन 29 से

**मोहला।** छत्तीसगढ़ महार, महरा, माहरा समाज का प्रदेश स्तरीय महाअधिवेशन 29 एवं 30 मार्च को ग्राम मरारटोला में आयोजित किया गया है। सुबह 10 बजे से आयोजित महाअधिवेशन की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह तथा अध्यक्ष प्रदेश प्रमुख श्रीराम शैलेन्द्र करेंगे। अधिवेशन में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक नियमावली पर विचार के साथ-साथ समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। 30 मार्च को अधिवेशन के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रशाह मंडावी होंगे। सुबह 9 बजे से सामाजिक उत्थान पर चर्चा-परिचर्चा, प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण तथा सामाजिक समस्याओं का निराकरण कर शाम 6 बजे कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी श्रीराम शैलेन्द्र, सलवंत धाकडे द्वारा दी गई।

# बाल विवाह रोकने की दिलाया शपथ

- जागृति शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया




ग्राम मेटेपार में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना ईकाई 1 ने महिला जागृति शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने की। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया।

स्वागत के बाद श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने और अधिकार को लेकर जागृत करने के दिशा में काम कर रही है। दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह रोकने सहित बालिका शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस मौके पर बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाया गया। इस मौके पर हेमिन साहू, भानबाई मंडावी, रेखा गंधर्व, सुनीता सेवता, उभेराम मंडावी, नैनसिंह पटेल, उमेश सेवता, हेमा कंवर, कमलादेवी मरकाम, रंजिता कुंजाम, करुणा पटेल, पूनम वर्मा, यमुना साहू, नम्रता गुप्ता, भर्ती पोर्ते सहित अन्य मौजूद थे।

---

# गांव के बच्चे पढ़ेंगे नवोदय विद्यालय में



**गंडई पंडरिया।** प्राथमिक शाला पैलीमेटा की छात्रा चांदनी मंडावी ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। नरेश मंडावी की पुत्री चांदनी की इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। अब चांदनी जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में छठवीं से बारहवीं तक निःशुल्क पढ़ाई करेगी। चाँदनी का चयन होने पर स्कूल में उसका सम्मान बुके भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सरपंच कुमारलाल पाल, प्रधान पाठिका सुमित्रा कामडे, अचानकपुर के प्रधानपाठक पन्नालाल जंघेल, उपेंद्रनाथ ठाकुर, सुखनंदन साहू, श्री धुर्वे, राजेंद्र साहू, चंचला उरकुरे, पवन पाल, जीवन धुर्वे, ललित साहू, गौतरिहा साहू, नरेश कुंभकार, रामेश्वर यादव, मनोज साहू सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित



**हरदी।** प्राथमिक शाला मलपुरी के शिवांश भुआर्य का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश के लिए हुआ है। शिवांश प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली है। कक्षा दूसरी में अध्ययन के दौरान विकासखंड स्तरीय गणितीय कौशल में प्रथम, जिला स्तर में तीसरा और राज्य स्तर में 64 वां स्थान प्राप्त किया था। उनकी सफलता का श्रेय शिक्षिका मां सावित्री भुआर्य तथा शिक्षक पिता शत्रुघन सिंह भुआर्य को जाता है। उन्हे प्रधानपाठक हेमंत टंडन, हिम्मत देवांगन, संकुल प्राचार्य अजय मसीह, संकुल समन्वयक प्रकाश देशमुख, दीपक साहू, ज्योति साहू, रेवती कतलाम, सरपंच पीताम्बर सिंह कतलाम, कुंदनलाल चंद्राकर, शाला समिति के अध्यक्ष केदार सिंह मंडावी ने बधाई दिया है।

### नवोदय में टीना निषाद का चयन



**कन्हारगांव।** प्राथमिक शाला कन्हारगांव की टीना निषाद का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ मे प्रवेश के लिए हुआ है। प्रारंभ से ही मेधावी टीना विभिन्न परीक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होते रही है। उसकी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पिता कुंभलाल निषाद, मां फगनी निषाद, प्रधानपाठक श्री कोरे, शिक्षक कुलेश्वर सिन्हा, महेश ठाकुर, घनश्याम साहू, रम्हला मंडावी, गंगाधर साहू, भूषण निसाद, नीलम सेन, हरीश धुर्वे ,दिनेश निषाद आदि ने बधाई दिया है।

### संस्कार सिटी कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** महिलाओं के विकास, उत्पीड़न, मानवीय अधिकार विषय पर संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. हरप्रीत कौर छाबड़ा ने कार्यशाला के उद्देश्य बताते विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता कुसुम दुबे का स्वागत कर उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया गया। अधिवक्ता कुसुम दुबे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते कहा कि आज के परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके विकास पर भी हमें चिंता करनी है और संस्था ने इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला आयोजन कर सबको जागरूक करने का जो कार्य किया है, वह स्वागतेय है। श्रीमती दुबे ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से एवं आत्मनिर्भर बनाने योजनाओं का लाभ दिलाना होगा, तभी नारी शक्ति विकासशील होगी। प्रायः यह देखा जाता है कि आज महिलाएं असुरक्षित है और उत्पीड़न का शिकार भी हो रही है।

# संयमित व्यवहार करें सभी दर्शनार्थियों से



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चैत्र नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार कमल किशोर साहू एवं थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने होटल, लॉज संचालकों एवं ऑटो चालकों की बैठक आयोजित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान होटल, लाज संचालकों एवं ऑटो चालकों से सुझाव लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ऑटो चालकों को दर्शनार्थियों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करते हुये दूरी हिसाब से किराया लेने कहा गया।

होटल, ढाबा एवं लॉज संचालकों, कर्मचारियों को नियमों का पालन करते हुए ठहरने वाले व्यक्तियों का पहचान पत्र सहित अन्य जानकारी रजिस्टर में इन्द्राज करने और किसी गतिविधि के संदिग्ध लगने पर थाना को सूचना देने की समझाईश दिया गया। होटल, ढाबा एवं लॉज में लगे बंद सीसीटीवी कैमरा को तत्काल ठीक कराने निर्देशित किया गया।

---

फाग गीतों के साथ गुरु वाणी का किया श्रवण

# विश्व जागृति मिशन ने खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी में विश्व जागृति मिशन के सदस्यों ने फागुन महोत्सव फूलों से मनाया। संस्था के सदस्यों ने प्रधान एनआर देवांगन के नेतृत्व में खेमुका निवास में फूलों की होली खेली।

सदस्यों ने मंगलगान के बाद सुधांशु महाराज के प्रवचन का श्रवण किया। फिर शुरू हुआ फाग गीतों का दौर। संस्था के डॉ बीपी चंद्राकर, मंथिरदास साहू ने फाग गीतों से समां बांधा। महिलाओं ने भी फूलों की होली जमकर खेली। गेंदा व गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां को उछालकर फागुन उत्सव की बधाइयां दी। लोग गीतों पर थिरकते और होली का आनंद उठाते रहे। तबले पर थाप लतमर्रा के सुरेश सहारे ने दी तो हारमोनियम पर डॉ बीपी चंद्राकर ने तान छेड़ा। भगवान व सद्गुरु की आरती के पश्चात स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

इस दौरान श्री देवांगन के अलावा रमेश बहेकर, विश्वनाथ यादव, आरन सिंह ठाकुर, संवलसिंह सहारे, बालाराम साहू, हेमंत साहू, मनोहरलाल साहू, पीएल गजेंद्र, संतोष टेमरे, देवेंद्र साखरे, शंकर वर्मा, जसवीर बन्नोआना, अजय बिंदल, रेखा बिंदल, सुमन खेमुका, किरण नरेड़ी, कैलाश अग्रवाल, मनोज वासनिक, विनय धमगाए, दयाल निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन संयोजक गोपाल खेमुका ने किया।

# खाद्य सामग्री की जांच जरूरी

**डोंगरगढ़।** शहर की होटलों, ढाबो में बिकने वाली खादय समाग्री की गुणवत्ता और पेयजल नवरात्र के दौरान जांच का विषय रहेगा। रेल्वे केंटीन, खोमचा ठेला सहित अन्य दुकानदारों के माध्यम से नवरात्र के दौरान खाद्य सामग्री का विक्रय किया जाता है। खाने की सामग्री सहित होटलो में मिलने वाले ठंडे पेय का भी विक्रय होगा। लोगों की सेहत को ध्यान में रखते होटलो ढाबो के साथ स्टॉल में बिकने की वाली सामग्री की जांच प्रथमिकता के होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बीते साल नवरात्रि के दौरान इलाचीदाना की क्वालिटी को लेकर शिकायत के बाद प्रशासन ने स्थानीय फैक्टरी से सेंपल लिया था जिसकी जांच में मिलावट की पुष्टि हुई थी। बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति ने इलाइचीदाना को प्रसाद रूप में वितरित नहीं करने की बात कहा था। नीचे मंदिर, उपर मंदिर क्षेत्र की प्रसाद दुकानों में इलाइची दाना का बिक्री करने की जानकारी सामने आई है। प्रसाद के नाम से बिकने वाली खोये की मिठाई, बेसन के लड्डू सहित अन्य की क्वालिटी पर भी सवाल उठते रहे है।

### डोंगरगढ़ मेले की तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

# उद्योग एवं अन्य संस्थाओं में पानी का न हो दुरुपयोग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर समय-सीमा के प्रकरणों की गहन समीक्षा की और इसके निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है और उसी दिन से मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा। इसे देखते सभी अधिकारी जिन्हें अलग-अलग मेला के संबंध में तैयारियों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई है, वे तैयारियां पहले से ही पूरी कर ले। उसमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

डोंगरगढ़ पहुंचने वाले पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। खासतौर पर पेयजल व्यवस्था एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




### विभागों के कार्यों की समीक्षा

शासन की मंशा अनुसार आमजन के राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत नियत तिथि एवं स्थान पर राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि इसके लिए तिथि, स्थान तय कर समय-सारणी तैयार कर लें और उसके अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराएं, ताकि पात्र हितग्राही इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से पहले स्कूली छात्रों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तैयार करने एवं वितरण करने तैयारी कर लें। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि आगामी मानसून के दौरान जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने तथा जल संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण की तैयारी एवं कार्य योजना संबंधी विभाग करें ले। बैठक में उन्होंने बारी-बारी से विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

### वाटर रिचार्जिंग की व्यवस्था भी हो

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण एवं विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसके तहत सड़क, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं के कार्य किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त मात्रा में मुरूम एवं मिट्टी की आवश्यकता पड़ती है। सभी निर्माण एजेंसियां पहले ही पंचायतों में आवेदन कर इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर लें, ताकि बरसात प्रारंभ होने पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य में दिक्कत नहीं आए। उन्होंने कहा कि गिरते भू-जल को देखते जिले में जल संरक्षण की महती आवश्यकता है। इसके लिए बरसात का पानी रोककर रिचाजिंग की व्यवस्था एवं उपाय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को विशेष रूप से प्राथमिकता के आधार पर किए जाए। इसके अलावा जिले के उद्योग एवं अन्य प्रकार की संस्थाओं में पानी का दुरूपयोग नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन संस्थाओं में वाटर रिचार्जिंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन के तहत शासन द्वारा भू-अर्जन का कार्य किया गया है, इसके तहत मुआवजा भुगतान के बाद अर्जित भूमि शासन के नाम हो जानी चाहिए।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन अंबेडकर चौक में जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार की कथित तानाशाही और विपक्ष के खिलाफ प्रतिशोधात्मक कार्रवाइयों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमाझटकी भी हुई लेकिन कांग्रेसी पुतला दहन करने में सफल रहे। कांग्रेस ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए इसे भाजपा सरकार की तानाशाही मानसिकता का परिणाम करार दिया। उनका कहना है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और अन्य नेताओं के ठिकानों पर हुई सीबीआई छापेमारी सिर्फ राजनीतिक प्रतिशोध है, जिसका मकसद विपक्षी दलों को कमजोर करना और जनता की आवाज को दबाना है।

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र को सिर्फ नाम मात्र का बनाकर तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है। सीबीआई और ईडी को सिर्फ उन राज्यों में सक्रिय किया जा रहा है, जहाँ भाजपा सत्ता में नहीं है जबकि भाजपा शासित राज्यों में बड़े घोटालों पर चुप्पी साधी जाती है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं को गुलाम बनाकर लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने में लगी है। इस दौरान शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, मुढ़ीपार ब्लाक अध्यक्ष कोमल साहू, दिनेश साहू, गैदलाल कुर्रे, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, दीपक देवांगन, संदीप सिरमौर, गोलू पाल, रतन सिंगी, दिनेश बोरकर, सोहेल खान, रविन्द्र गहरवार, संजू चंदेल, तेजराम वर्मा, राजा सोलंकी, हरिदर्शन टीमर, दिलीप लहरे, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, मोहम्मद खान, पूनमचंद्र साहू, सुरीतराम वर्मा, सुर्यकांत यादव, शत्रहन धृतलहरें सहित बडी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश

कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर लोकतांत्रिक मूल्यों को तहस-नहस कर रही है। सीबीआई, ईडी और इंकम टैक्स जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं को डराने और झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि यदि यह दमनकारी नीतियाँ जारी रहीं, तो आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार अपनी अलोकतांत्रिक हरकतों से बाज नहीं आई, तो कांग्रेस सडकों पर उतरकर और उग्र आंदोलन करेगी। यह सिर्फ एक चेतावनी है अगर लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला जारी रहा, तो संघर्ष और व्यापक होगा।

# एक अप्रैल से बोर खनन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

गर्मी में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अहम कदम उठाते हुए जिले में एक अप्रैल से 30 जून तक नए नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने उक्ताशय का आदेश जारी कर दिया है।

आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 03 तहत जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाने संबंधी कारवाई किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 अंतर्गत जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा।

शासकीय एजेंसी को संपूर्ण जिले में और नगरपालिका परिषद व नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए नगरीय निकाय की सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन को लेकर अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगी। उक्त आदेश 01 अप्रैल से 30 जून अथवा मानसून के आगमन तक की अवधि बाद भी आवश्यकतानुसार बढ़ाई जा सकती है।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल का प्रथम परीक्षा परिणाम घोषित



**राजनांदगांव।** इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्रथम परीक्षा परिणामों की घोषणा 20 मार्च को पालकों एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई। बच्चों ने पदक प्राप्त कर अपार खुशी का इजहार किया। पालकों ने स्कूल के प्रथम परीक्षा परिणाम के साथ ही शिक्षण व्यवस्था को गुणवत्ता पूर्ण बताया। अंबागढ़ चौकी एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस चिल्हाटी रोड स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्री-प्राइमरी में अध्ययनरत बच्चों के परीक्षा परिणाम 20 मार्च को घोषित किए हुए। इस अवसर पर नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल, सचिव सुरेश एच. लाल, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी एवं विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आरएन सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### प्रशस्ति पत्र प्रदान

सचिव सुरेश एच. लाल ने पालकों को बताया कि स्कूल स्थापना का एकमात्र उद्देश्य आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा सुविधा का विस्तार करना ही है। डॉ . आरएन सिंह ने आने वाले समय में जुटाई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में पालकों को बताया। परीक्षा परिणामों में कक्षा नर्सरी में प्रथम मन्नत वासनिक, द्वितीय अंकुश माहेश्वरी, तृतीय खुश्मिता पॉल रही। इसी तरह केजी-वन में प्रथम .मुग्धा पैकरा, केजी-टू में प्रथम देवव्रत पॉल, द्वितीय अयान माहेश्वरी तथा तृतीय श्रेया राव रही। सभी बच्चों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ब्रॉन्ज मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# रेलवे में नौकरी लगाने मांगा पैसा आरोपी को पांच साल की कठोर सजा

- सीजेएम कोर्ट ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रेलवे में नौकरी लगाने के आरोपी को सीजेएम कोर्ट ने पांच साल की कठोर सजा से दंडित किया। जानकारी अनुसार प्रार्थी सुखदेव वर्मा का जीजा मनोज वर्मा महाराष्ट्र के नागपुर में आटो चलाने का काम करता था उसी मुहल्ले में गुलजारी लाल यादव नाम का आदमी भी रहता था। आसपास रहने के कारण दोनो में जान पहचान थी।

सामान्य बातचीत के दौरान गुलजारी ने मनोज वर्मा से कहा कि कोई पढ़ा लिखा व्यक्ति मिले तो बताना रेलवे मे उसकी तगड़ी पहुंच है। आसानी से टीसी की नौकरी लगवा देगा।

मनोज ने इसकी चर्चा अपने ससुराल में की और सितंबर 2018 मे गुलजारी के साथ खैरागढ़ आया जहॉ उसने नगद ञ लाख और उसके एक साथी कामेश्वर वर्मा ने 7 लाख 19 हजार रुपए गुलजारी लाल यादव को दे दिया। दो साल बाद भी नौकरी नहीं लगने और पैसे वापस नहीं मिलने पर उसने थाने मे शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद मामला कोर्ट मे चला जहां सीजेएम श्याम कुमार साहू ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए गुलजारी लाल यादव को पांच साल का सश्रम कारावास और पचास हजार का आर्थिक दंड दिया है।

### निर्णय सायबर ठगी को रोकने में सहायक

गौरतलब है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे साइबर क्राइम आम बात हो गई है। चिकनी चुपड़ी बातों मे आकर लोग गाढ़ी कमाई खो रहे है और बारहवी पास होने वाले युवा को रेलवे में नौकरी का स्वप्न दिखाकर लंबी चौड़ी रकम लेने के आरोपी गुलजारी लाल यादव को आरोप सिद्ध होने पर समुचित दंड देने से न्याय उद्देश्यों की पूर्ति हो रही है। सीजेएम कोर्ट का यह निर्णय समाज में व्याप्त साइबर ठगी को रोकने में सहायक साबित होगा और लोगों को भी अपराध से सचेत रहने और किसी भी प्रकार के लालच में आने से बचने की नसीहत देगा।

# चिखली में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन 30 से

**राजनांदगांव।** शहर के चिखली वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से शाम 06 बजे तक प्रवचनकर्ता पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री शांतिनगर वाले के मुखारविंद से कथा पाठ किया जाएगा।

भागवत कथा प्रारंभ तिथि 30 मार्च को सुबह 10 बजे शहर में मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते वापस कथास्थल पहुंचकर संपन्न होगी।

शीतला माता मंदिर समिति एवं ग्राम विकास समिति वार्ड नंबर 5, 6 और 10 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा में 30 मार्च को श्रीमद देवी भागवत महात्म्य, शुकदेव जन्म, कौरव पांडव की उत्पत्ति, 31 मार्च को नवरात्रि पूजन विधान, श्रीराम चरित्र का वर्णन, तीनों देव द्वारा देवी स्तुति, 1 अप्रैल को भृगु द्वारा नारायण को श्राप, प्रत्येक मनवंतर में भगवान का अवतार, कृष्ण अवतार, देवताओं के तेज से देवी की उत्पत्ति, 2 अप्रैल को महिषासुर वध, रक्तबीज वध, नारदजी का स्त्री बनना, हरिशचंद्र कथा, 3 अप्रैल को दुर्गादेवी का अवतार, भूगोल खगोल का वर्णन भक्ति की कथा, 4 अप्रैल को राहु मंडल नरक आदि का वर्णन, सरस्वती पूजन विधि तुलसी की उत्पत्ति, 5 अप्रैल को सावित्री को यमराज का वरदान, रूद्राक्ष महात्म्य, जन्मेजय द्वारा अम्बा यज्ञ, देवी पुरान की महिमा, हवन और 6 अप्रैल को ज्योति कलश विसर्जन एवं शोभायात्रा का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा।

# एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारतीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रायोजन में कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में 26 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न नवाचारी कृषकों को छत्तीसगढ़ कृषि उद्धमिता विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृषि विज्ञान कोष परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान सम्मेलन सह कार्यशाला में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आईसीएआर नार्म प्रसार प्रबंध मंडल हैदराबाद के प्रमुख एवं प्रधान अन्वेषक डॉ. वेंकट कुमार, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी हैदराबाद के प्रधान अन्वेषक डॉ. पी. वेंकटेशन, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान रायपुर के सह प्रधान अन्वेषक डॉ. पी. मुवेंथन, कृषि केंद्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, सांसद प्रतिनिधि जीडी साहू, आईसीएआर-




एनआईबीएसएम रायपुर की वैज्ञानिक डॉ. श्रावणी सानयाल, आईसीएआर-नार्म हैदराबाद के एसआरएफ डॉ. बोडा महेश नायक ने कृषकों से उनके नवाचार के संबंध में सीधा संवाद किया।

### कृषकों को बीज वितरित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों से नवाचारी कृषक सम्मिलित हुए। साथ ही कृषक अनेश्वर वर्मा एवं अन्य प्रगतिशील एवं नवाचारी महिला एवं पुरूष कृषक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में कृषकों को स्प्रेयर एवं धान फसल बीज वितरित किए गए। वहीं कृषि केंद्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, अंजली घृतलहरे, मनीष कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र श्रीवास, जितेंद्र मेश्राम एवं आशीष गौरव शुक्ला उपस्थित थे।

# गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा को लेकर कार्यशाला

**खैरागढ़।** जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवा और सुविधा विकसित करने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को तैयार किया जा रहा है।

सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन स्टैंडर्ड अनुसार चिकित्सा अधिकारियों व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के डॉ गजेंद्र सिंह, स्वास्थ्य विशेषज्ञ के सहयोग से प्रशिक्षण व हैंड्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संभागीय क्वालिटी सलाहकार कविता चंद्राकर, डीपीएम सोनल ध्रुव, प्रभारी जिला प्रशिक्षण समन्वयक खिलेश साहू, डॉ अक्षय शक्ति तिवारी, डॉ प्रीतम राय के समन्वय से जिले में स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में जिले के लगभग 11 स्वास्थ्य संस्थाएं राष्ट्रीय स्तर के एनक्यूएएस मूल्यांकन मे भाग लेंगी जिसके लिए दोनों विकासखंडों के बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ मनीष बघेल व बीपीएम बृजेश ताम्रकार, आकाश तंबोली सहित क्वालिटी टीम सघन रूप से स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारी पूरा करवाने मे लगी है।

इस दौरान गैप असेसमेंट कर कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा हैं। गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं के संबंध में स्वास्थ्य केंद्रों में ईलाज परामर्श के लिए आने वाले मरीजों, हितग्राहियों, समुदाय से फीडबैक लिया जा रहा है। चिकित्सकों द्वारा लिखे गए प्रिसक्रिप्शन का ऑडिट करने के साथ साथ राष्ट्रीय गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के मानक अनुसार स्वास्थ्य संस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### जीवन यात्रा विषय पर कार्यशाला

# सद्भावनापूर्ण जीवन यात्रा के लिए जीवन में आध्यात्मिकता जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के लिए ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा सद्भावनापूर्ण जीवन यात्रा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज से मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन उपस्थित थी। उन्होंने जवानों को बताया कि जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाने से ही जीवन यात्रा सद्भावनापूर्ण हो सकती है। हमें सदा इस बात की जागृति हो कि इस शरीर को चलाने वाली शरीर की मालिक मैं आत्मा हूं और आत्मा होने के नाते हम सभी एक परमात्मा की संतान सभी भाई-भाई हैं। जब हम स्वयं को देह समझते हैं, तब हमारे मन में भेदभाव उत्पन्न होता है और हमारा जीवन संघर्षमय हो जाता है। सबके प्रति शुभ सोचना ही आध्यात्मिकता है। ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने सबको राजयोग की गहन अनुभूति कराई।

### अतिथियों की रही उपस्थिति

इसके पूर्व ब्रह्माकुमार झालम ने बताया कि जीवन यात्रा सद्भावनापूर्ण हो इसके लिए हमारे जीवन के चार आयाम बहुत सशक्त होना चाहिए। पहला शारीरिक, दूसरा बौद्धिक, तीसरा सामाजिक और चौथा आध्यात्मिक। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है, बौद्धिक रूप से हम सशक्त हैं, समाज में सबसे हमारा संबंध बहुत मधुर है और जीवन में आध्यात्मिकता है तो जीवनयात्रा सद्भावनापूर्ण अवश्य होगा। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय मुख्यालय (बैंगलोर) भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के उप महानिरीक्षक अनवर इलाही की ओर से सहायक सेनानी (तनाव परामर्शदाता) विजय कुमार द्वारा सबको सद्भावनापूर्ण जीवन जीने के लिए बताई गई बातों को जीवन में अपनाने प्रेरित करने के साथ ब्रह्माकुमारीज से आए अतिथियों का करतल ध्वनि से आभार व्यक्त करते धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सहायक सेनानी केएस मुरुगन सहित 50 पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# पेंशन शिविर 29 से

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह दिसंबर 2024 एवं जनवरी 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 10 मार्च से 2 अप्रैल तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत 29 मार्च को वार्ड नं. 23 के लिए सिंधु भवन लालबाग, वार्ड नं. 24 के लिए पुत्रीशाला व वार्ड नं. 25 के लिए सत्यनारायण धर्मशाला, 1 अप्रैल को वार्ड नं. 26 व 27 के लिए कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा, वार्ड नं. 28 के लिए मठपारा सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 29 के लिए पार्षद कार्यालय कैलाश नगर व वार्ड नं. 30 के लिए शंकर नगर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सामुदायिक भवन एवं 2 अप्रैल को वार्ड नं. 31, 32, 35 व 36 के लिए यादव भवन गौठान लखोली, वार्ड नं. 33 के लिए कबीर भवन बैगापारा लखोली तथा वार्ड नं. 34 के लिए शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है।

# कलेक्टर ने किया बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्यों का निरीक्षण

### गाईड लाइन के अनुसार जांच करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का जायजा लेने कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाकठेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षकों से बातचीत कर उन्हें गाईड लाइन के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी मूल्यांकन कक्षों का भ्रमण कर प्रक्रिया को बारीकी से परखा और मूल्यांकनकर्ताओं से उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के मापदंडों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निष्पक्षता और सावधानीपूर्वक कार्य करने की सलाह देते कहा कि निर्धारित समय-सीमा में मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करें। जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परिणाम मिल सके। उन्होंने मूल्यांकन केंद्र में जलपान एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे शिक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



### अंतर्राज्यीय बस स्टैंड निर्माण स्थल का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत मानपुर में प्रस्तावित अंतरराज्यीय बस स्टैंड निर्माण के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आर सिटी बिल्डिंग और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई, स्थल को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए।

## सार समाचार

### ठाकुरटोला में क्षेत्रीय परेंट्स मीटिंग

**राजनांदगांव।** सीआरसी ठाकुरटोला में अभिभावकों को जागरूक करने एवं सशक्त बनाने दो दिवसीय क्षेत्रीय परेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश से अभिभावक शामिल हुए। क्षेत्रीय परेंट्स मीटिंग में विभिन्न शासकीय योजनाओं, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, अभिभावकों की चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### गायत्री महायज्ञ का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में कल 28 मार्च को गायत्री कालोनी वार्ड नं. 23 में विश्व कल्याण एवं जनहितार्थ हेतु 05 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र अनुष्ठान में वेद मंत्रों की गूंज के साथ पर्यावरण शुद्धिकरण एवं सामाजिक सद्भावना का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ में आहुति देने की अपील की है।

### 31 को निकलेगी विशाल गणगौर शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी में इस वर्ष भी दिव्य भव्य विशाल गणगौर शोभायात्रा खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित की जा रही है। दिव्य भव्य गणगौर शोभायात्रा 31 मार्च को महेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग से दोपहर 3.30 से निकली जाएगी। आकर्षक रथ में ईशर गौरा विराजमान होंगे। ढोल-नगाड़े, बैंड बाजा, धार्मिक भजनों के साथ विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते शीतला माता मंदिर में संपन्न होगी। खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति में विभिन्न तीज त्यौहारों का एक विशेष महत्व है, जो विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि 31 मार्च को गणगौर शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान शिव-पार्वती के रूप में ईशर गौरा की दिव्य भव्य नयनाभिराम झांकी होगी। इस वर्ष की थीम रजवाड़ी वेशभूषा रखी गई है। गणगौर शोभायात्रा की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। खंडेलवाल महिला मंडल उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल एवं सचिव भगवती खंडेलवाल ने समाज की महिलाओं एवं बेटियों से गणगौर शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। उपरोक्त जानकारी महिला मंडल प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

### उमेश व प्रिन्शु ने नांदगांव क्षेत्र का किया नाम रौशन

**राजनांदगांव।** प्रदेश के बिलासपुर स्थित कल्याण केन्द्र व आरएल 21 फिटनेस सेंटर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अंतर क्षेत्रीय



शक्तितोलक एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में राजनांदगांव क्षेत्र के उमेश वर्मा एवं प्रिन्शु भुआर्य ने पदक जीतकर इस अंतरक्षेत्रीय प्रतियोगिता में राजनांदगांव क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस उपलब्धि पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि 25 से 26 मार्च तक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी बिलासपुर क्षेत्र के मेजबानी में हुए इस प्रतियोगिता में शक्तितोलक के 105 से 120 किलोग्राम वर्ग समूह में उमेश वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शरीर सौष्ठव स्पर्धा 5 फीट 3 इंच (ऊंचाई वर्ग) में प्रिन्शु भुआर्य ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के दौरान अखिल भारतीय विद्युत शक्तितोलक प्रतियोगिता के लिए उमेश वर्मा का चयन भी किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल कुमार उइके एवं टीम मैनेजर अभय लोनारकर, डी. दिलेश्वर राव द्वारा विजेता खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया गया।

### बजरंगपुर नवागांव में 30 को कर्मा जयंती

**राजनांदगांव।** नगर इकाई साहू समाज बजरंगपुर नवागांव द्वारा 30 मार्च



को भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में आयोजन की रूपरेखा तय करने एक बैठक रखी गई एवं जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजन के संबंध मे जानकारी देते समाज के सचिव अनूप साहू ने बताया कि एक दिन पहले 29 मार्च को शाम 5 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन सुबह 8 बजे बाईक रैली, 11 बजे सामूहिक पूजा-अर्चना, 12 बजे स्वागत सत्कार सम्मान समारोह, 1 बजे रामायण सत्संग प्रवचन, 5 बजे खिचड़ी प्रसादी (भोजन) एवं 8 बजे सेवा जस झांकी झंडातलाव का कार्यक्रम होगा। जानकारी योगेश साहू मीडिया प्रभारी ने दी।

### कार दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**खैरागढ़।** विगत रात्रि इनोवा कार स्टेट हाईवे के किनारे ट्रक से जा टकराई। जिससे इसमें सवार युवक को गंभीर चोंटे आई थी। जिसका उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार जंघेल कृषि केंद्र के संचालक बरेठपारा निवासी प्रहलाद जंघेल का पुत्र ताम्रध्वज जंघेल भिलाई से इनोवा वाहन की सर्विसिंग करवाकर 25 मार्च की रात लगभग 10 बजे खैरागढ़ लौट रहे थे। वे ग्राम डुण्डा के पास मेन रोड में पहुंचे ही थे, इसी दौरान सामने चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मारकर ट्रक को रोक दिया। जिससे इनोवा कार ट्रक में जा टकराई। इस घटना में इनोवा कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं ताम्रध्वज बुरी तरह फंस गया था, जिसे काफी मशक्कत कर बाहर निकाला गया व उपचार हेतु सिविल लाइन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से भिलाई स्थित निजी चिकित्सालय में रिफर किया गया था, वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। बताया जा रहा है कि उक्त कार में दो लोग सवार थे। जिसमें दूसरे व्यक्ति की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा



शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बसंतपुर राजनांदगांव स्थित जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड पद्मिनी भोई, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. यूके चंद्रवंशी उपस्थित थे। मंत्री जायसवाल निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, पुरूष वार्ड, हमर लैब, प्रसूति वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। मंत्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध किए जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। नंदई चौक निवासी मीहिर हरिहारनों ने बताया कि उन्हें कल रात से तेज बुखार है। नंदई चौक निवासी नंदकुमार जांगड़े ने बताया कि बुखार के कारण चार दिन से भर्ती है। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीज के कमजोरी को देखते उनका अच्छे से उपचार करने चिकित्सकों को निर्देशित किया। उन्होंने अस्पाल में भर्ती बालोद जिले के मरीज सुरीत निषाद से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीज के स्वास्थ्य को देखते स्वास्थ्य अधिकारियों को सीकल सेल जांच कराने के निर्देश दिए।

# वीआईपी वार्ड का हाल बेहाल, नालियां जाम, स्ट्रीट लाइट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वीआईपी वार्ड कहे जाने वाले वार्ड क्रमांक 45 रामकृष्ण वार्ड में मूलभूत समस्याएं व्याप्त है। यहां कई जगहों पर स्ट्रीट लाईट बंद है तो कई स्थानों पर नालियों में मिट्टी भरी हुई है। कुछ जगहों में नालियों के पानी के चलते कीचड़ है। वहीं गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं।

वीआईपी वार्ड में व्याप्त इन समस्याओं का महापौर मधुसूदन यादव, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया और नाराजगी जाहिर करते संबंधित विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया। इस दौरान वार्ड के पार्षद डुरेन्द्र साहू साथ रहे। रामकृष्ण वार्ड का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। जिसकी शुरूआत पाताल भैरवी मंदिर हाईवे से होकर गोकुल नगर डोंगरगांव रोड तक फैला हुआ है। वार्ड की आबादी लगभग 14000 से ज्यादा है। इसमें 20 से 22 बड़ी कॉलोनी शामिल है।

## मेयर और आयुक्त ने किया दौरा, वार्डवासियों से हुए रूबरू

### लोगों ने रखी मांग

रामकृष्ण वार्ड का क्षेत्रफल बड़ा होने के चलते यहां पर सभी स्थानों की नियमित सफाई नहीं हो पाती है। जिसकी वजह से गंदगी पसर रही है। वार्ड के नागरिकों ने यहां 16 कर्मचारी नियमित साफ-सफाई के लिए रखने की मांग की है।



### सफाई की समस्या

वार्ड में सफाई कर्मचारियों की कमी और नियमित सफाई नहीं होने के चलते जीवन कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, सृष्टि कॉलोनी, दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कौरिनभाठा बस्ती, सनसिटी, रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी, गणपति विहार और गोकुल नगर क्षेत्र में नाली सफाई की समस्या है।

### समस्या दूर करने दिलाया भरोसा

वार्ड के पार्षद डुरेन्द्र साहू ने बताया कि वार्ड के कुछ क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट बंद है एवं कुछ जगहों पर सड़क और नालियों की समस्या है, जिसे दूर करने के लिए नगर निगम आयुक्त ने भरोसा दिलाया है।

## जनप्रतिनिधि सम्मेलन व आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए विस अध्यक्ष

# गांव की सरकार में महिलाओं का दबदबा अस्सी फीसदी पंच-सरपंच पदों पर जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नवनिर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंचों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे अधिक जनजागरूकता यहां है और पंचायती राज क्षेत्र में यह परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की जागरूकता के फलस्वरूप जिले में पंचायत चुनाव के दौरान 87.76 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां जो भी सरपंच व पंच निर्वाचित हुए हैं, उनमें करीब 80 प्रतिशत महिलाएं निर्वाचित होकर आई है। यह उनमें नेतृत्व की भावना पैदा करता है।



### जल संरक्षण जरूरी: कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में सभी के सहयोग से पंचायत निर्वाचन निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। भू-गर्भ में पेयजल की समस्या, अंधाधुन दोहन एवं जल संरक्षण के आभाव के कारण उत्पन्न हुआ है। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों से वर्षा के जल का संचयन के कार्य में सहभागी बनने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए पर्याप्त जल उपलब्धता के लिए सहयोग की अपील की।

### तेजी से होगी आवास की स्वीकृति

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है और हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। पिछले कुछ समय में आवास निर्माण का कार्य अवरूद्ध था, लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य को स्वीकृत कर पूरा किया जा रहा है।

### गुणवत्ता का रखें ध्यान

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अधोसंरचना सहित जितने भी कार्य संचालित है, उन सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण पूरे किए जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शासन की संचालित सामाजिक सरोकारों और हितग्राही मूलक योजनाओं के कार्य पर पंचायत प्रतिनिधि ज्यादा जोर दें और अपने इस जवाबदारी को निभाएं।

### दायित्वों का करें निर्वहन: शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंचायतों के निर्वाचित सदस्य अपने-अपने संकल्प एवं दायित्वों को पूरा करने का प्रयत्न करें। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में भी संशोधन कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए ढाई एकड़ सिंचित एवं पांच एकड़ असिंचित भू-स्वामियों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### निर्माण से ज्यादा सरोकार का करें काम : मधु

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि अधोसंरचना का निर्माण जितना आवश्यक है, उससे अधिक सामाजिक सरोकार से जुड़ी योजनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है। इससे मातृत्व मृत्यु दर कम करना, बच्चों में कुपोषण दूर करना, पेयजल की समस्या से निदान, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य योजनाओं पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## स्वच्छता त्यौहार का आयोजन



**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया गया। स्वच्छता त्यौहार के दौरान ग्रामों में साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई और स्वच्छता प्रदर्शनी का आयोजन किया भी किया गया।

ग्रामीणों ने स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया। स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधियों, बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा स्कूलों में स्वच्छता विषय पर निबंध, लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्वच्छ ग्राम पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छताग्राही, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया।

# माहेश्वरी भवन में श्रीमद् देवी भागवत 30 से

- 29 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



माहेश्वरी भवन राजनांदगांव स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने तथा चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा दिल्ली दरवाजा के पास स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित है। इससे पूर्व 29 मार्च को अपरान्ह 03 बजे से गायत्री शक्तिपीठ से भव्य शोभायात्रा निकली जाएगी।

शोभायात्रा गायत्री शक्तिपीठ से अपरान्ह 03 बजे प्रारंभ होकर रामाधीन मार्ग से निकलेगी। महाकाल की तर्ज पर यह शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा के अगले दिन 30 मार्च को अपरान्ह 03 से शाम 6.30 तक श्रीमद् देवी भागवत कथा जूनागढ़ गुजरात से पधारे शास्त्री ईश्वरचंद्र व्यास के श्रीमुख से सुनने को मिलेगी। शास्त्री ईश्वरचंद्र व्यास द्वारा प्रतिदिन अपरान्ह 03 से शाम 6.30 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। शास्त्री का नगर आगमन हो चुका है।

पहले दिन 30 मार्च को व्यास चरित्र, 31 मार्च को सुकदेव चरित्र, 1 अप्रैल को देवी प्राकट्य महालक्ष्मी कुमारी पूजन, 2 अप्रैल को देवी चरित्र वर्णन, 3 अप्रैल को महाकाली, चामुंडा, चंडी आदि देवियों की प्राकट्य कथा, 4 अप्रैल को माता का अन्नकूट एवं 56 भोग, 5 अप्रैल को पंच प्रकृति की कथा तथा 6 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने श्रीमद् देवी भागवत की शोभायात्रा एवं कथा में सभी समाज के धर्मप्रेमी माताओं-बहनों एवं भाइयों से उपस्थिति की अपील की है।

# नववर्ष पर निकलेगी बाइक रैली



**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा 30 मार्च को सुबह 11 बजे बाइक में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा महावीर चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर शहर की जनता को नववर्ष की बधाई देते वापस महावीर चौक हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। सनातन धर्म के शौर्य एवं वीरता के प्रतीक भगवा झंडे एवं भगवाधारी सनातनियों द्वारा हर्षोल्लास से भगवान राम एवं श्रीकृष्ण के तैलचित्रों के साथ यह बाइक में शोभायात्रा संपन्न होगी।

बैठक में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पवन डागा, अशोक कोटडिया, योगेश बागड़ी, राम अवतार जोशी, विजय हरिहारनो, अरुण गुप्ता, आशीष पांडे, तरुण शुक्ला, रामकिशोर गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आत्माराम, चंद्रेश जैन, राजेश बिसने, प्रभात गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, टीकाराम त्यागी, पं. मिथिलेश शुक्ला, रूपेश कामे, अरविंद गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, राणा संदीप सिंह, अमन शर्मा, संतोष वैष्णव, कृष्णकुमार तिवारी, बाबाजी बौद्ध, नवीन अग्रवाल, राणु जैन, अंकित खंडेलवाल, लक्ष्मी शर्मा, बुलबुल श्रीवास, अंजलि वाडेकर, संगीता शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि समस्त सनातनी स्त्री- पुरूष केसरिया, भगवा, पीला या लाल वस्त्रों में ही शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा में राम दरबार का रथ विशेष रूप से सजाया जाएगा। वहीं आकर्षक नृत्य एवं भजन मंडली शोभायात्रा की गरिमा को बढ़ाएंगे। उक्त जानकारी रामनवमी शोभायात्रा समिति के प्रमुख पदाधिकारी अनूप श्रीवास ने दी है।

### पदाधिकारियों ने दिए सुझाव

शोभायात्रा को सफल बनाने एवं आगामी 7 अप्रैल को रामनवमी के उपलक्ष्य पर इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा का आयोजन करने रामनवमी शोभायात्रा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सर्व समाज संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को माहेश्वरी भवन में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रमुख पदाधिकारी एवं संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा शोभायात्रा को सफल बनाने अपने-अपने सुझाव दिए गए।

# कर्मा जयंती पर आयोजन

**राजनांदगांव।** सोमनी क्षेत्र के ठाकुरटोला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 30 मार्च को दुर्गा मंच ठाकुरटोला में किया जा रहा है।

साहू समाज के सचिव बिसहतलाल साहू ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देवकुमारी साहू सदस्य जिला पंचायत, अध्यक्षता विभा साहू सदस्य जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि के रूप में अंगेश्वर देशमुख सदस्य जिला पंचायत, प्रतिभा चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत, तेजेश्वरी साहू, बृजभूषण साहू, दिनेश कुमार साहू सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 से 11 बजे तक, शोभायात्रा 12 से 01 बजे तक, मां कर्मा की पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण 01 से 03 बजे तक और अतिथि स्वागत, उदबोधन एवं प्रसाद वितरण होगा। वहीं संध्या 06 बजे से प्रज्ञा महिला मानस मंडली कोपेडीह द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी।

# आयुक्त ने लिया सफाई का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई निरीक्षण की कड़ी में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा बुधवार को लखोली क्षेत्र में साफ-सफाई का जायजा लेकर नवरात्र पर्व को ध्यान में रखकर शहर में समुचित साफ-सफाई करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।

हाट बाजार में साफ-सफाई देख कहा कि सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित पसरा लगाने समझाईस दें, सामुदायिक शौचालय एवं उदयाचल की ओर गेट के पास ठेला हटवाने के निर्देश सफाई दरोगा को दिए। लखोली बैगापारा में साफ-सफाई देख कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र को ध्यान में रखकर प्रतिदिन साफ-सफाई करें, लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाएं। एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर गीला-सूखा कचरा व्यवस्थित करने तथा कबाड़ का निपटान करने सुपरवाईजर को निर्देशित किया। बैगापारा पानी टंकी के पास के शौचालय का मरम्मत कराने संबंधित आधिकारी से कहा।

# पीएम मोदी 30 को बिलासपुर के बिल्हा में

- तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 मार्च को छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा की आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में 26 मार्च को संगठन प्रभारी एवं पूर्व विधायक अवधेश चंदेल एवं जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में हाल में ही संपन्न त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भारी संख्या में जीत कर आए भाजपा जनप्रतिनिधियों का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

बैठक में जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन 30 मार्च को



बिलासपुर संभाग के बिल्हा क्षेत्र में होने जा रहा है। राजनांदगांव के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बड़ी संख्या में सुनिश्चित करने यह बैठक आयोजित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते कहा कि हम भारी मात्रा में भाजपा के प्रतिनिधि चुनाव जीते हैं, परंतु चुनौतियां कम नहीं हुई है, बल्कि अब निर्वाचित प्रतिनिधियों को जनता के लिए लगातार कार्य कर भाजपा का जनाधार बढ़ाना है।

मुख्य वक्ता संगठन प्रभारी एवं पूर्व विधायक का अवधेश चंदेल ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि प्रदेश में मिली भाजपा की इस ऐतहासिक सफलता में संगठन के नेतृत्वकर्ताओं और सभी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने जनप्रतिनिधियों का परिचय कराया और कार्यकर्ताओं ने तालियों की करतल ध्वनि से प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल एवं प्रदेश मंत्री के पद पर निर्विरोध निर्वाचन पर शुभकामनाएं भी दी गई और उनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, शशिकांत द्विवेदी, किरण वैष्णव, किरण साहू, गीता साहू, आभा तिवारी, गिन्नी चावला रघुवीर वाधवा, आकाश चोपड़ा सहित भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख शक्ति केंद्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष पदधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### कक्षा छठवी-सातवीं व आठवीं के छात्र छात्राएं दे रहे शांतिपूर्वक परीक्षा



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवडन खुर्द में कक्षा छठवी-सातवी व आठवी के छात्र छात्राओं द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कक्षा छठवीं व सातवीं दर्ज संख्या 37 है जिसमें 35 छात्र छात्राएं उपस्थित थें और वही कक्षा आठवी कक्षा में कुल दर्ज संख्या 33 में 30 बच्चे उपस्थित थें। परीक्षा केन्द्र में बच्चों को किसी भी प्रकार की दिक्कत परेशानी ना हो उनके लिए पेयजल, स्वच्छ वातावरण व शांति पूर्ण से आयोजित की जा रही है। इस दौरान प्रधान पाठिका श्रीमती सरस ठाकुर, पर्यवेक्षक के रूप में चंद्रकला खुसरो, अर्चना मिरी, नंदिनी साहू, मंजू सिंह नायक परीक्षा को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

### हरदिहा मरार पटेल समाज के महासचिव बनें: राजेंद्र पटेल



**हरिभूमि कवर्धा।** हरदिहा मरार-पटेल समाज मुंगेली राज महासभा के महाअधिवेशन नवगांव हटहापारा सिरमागुड़ा पौराणिक स्थल मां महामाया गढ़ भंवर में ग्राम पंचायत पेंड्रीकला निवासी हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति संस्थापक एवं संयोजक को हरदिहा मरार पटेल समाज मुंगेलीराज महासभा के महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं राजेंद्र पटेल को हरदिहा मरार पटेल समाज मुंगेलीराज महासभा के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ पटेल समाज में खुशी का माहौल है तथा क्षेत्रवासियों में उत्साह और उमंग की लहर है।

## महोत्सव: दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव के अवसर पर सुप्रसिद्ध कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

# गायक हंसराज रघुवंशी के शिव भजनों में देर रात तक जमकर झूमते रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 29वां दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और मंत्रोचार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप जलाकर और विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन में भाग लिया, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय और उत्सवमय का माहौल रहा। उद्घाटन समारोह के पहले दिन प्रख्यात भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भव्य प्रस्तुति दी। उनकी भक्ति भावना से ओत-प्रोत भजनों ने न केवल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि महोत्सव के महत्व को और बढ़ा दिया। हंसराज रघुवंशी ने बाबा भोरमदेव और भोलेनाथ बाबा के भजनों से मंदिर परिसर में भक्तिरस की लहर दौड़ा दी।

भोरमदेव महोत्सव जो वर्षों से इस मंदिर में आयोजित किया जा रहा है, इस बार भी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बनकर उभरा। भोरमदेव महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से न केवल राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलती है, बल्कि यह प्रदेशवासियों को अपनी समृद्ध परंपराओं से जुड़ने का भी एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पवित्र तिथि तेरस में भोरमदेव महोत्सव के शुभ अवसर पर बताया कि प्रधानमंत्री की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर परिषर सहित आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि भोरमदेव मंदिर, रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल और सरोधा जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को विकसित करने के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। इस योजना के तहत भोरमदेव क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टिकोण से महत्व को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना को स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 146 करोड़ रूपए से भोरमदेव मंदिर परिषर का विस्तार और उन्नयन, मंदिर की ऐतिहासिक संरचना को मजबूत किया जाएगा और इसकी सुन्दरता को बढ़ाने के लिए विशेष कार्य किए जाएंगे। मंदिर परिषर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बेहतर की जाएंगी कांवड़ियों के ठहरने के लिए विशेष शेड का निर्माण किया जाएगा। हर वर्ष हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री भोरमदेव आते हैं, उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहरने के लिए आधुनिक शेड बनाए जाएंगे। शेड में पेयजल, स्वच्छता, बैठने और आराम करने की उचित व्यवस्था होगी। मंदिर परिषर का सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुधार कार्य, मंदिर के चारों ओर के खुले क्षेत्रों को हरा-भरा और आकर्षक बनाया जाएगा। पैदल पथों, बैठने की जगहों और परिक्रमा मार्ग को बेहतर किया जाएगा। मंदिर के तालाब का सौंदर्यीकरण, तालाब की सफाई, किनारों को व्यवस्थित करने के साथ-साथ इसे एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।









### होली के बाद कृष्णपक्ष की तेरस व चौदस को महोत्सव मनाने की परम्परा: कलेक्टर

महोत्सव के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव महोत्सव की आरंभ से लेकर वर्तमान दौर तक पूरी विस्तार से जानकारी दी। भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन और जन आस्था के रूप में ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इस मंदिर की ख्याति देश के अलग-अलग राज्यों तक फैली हुई है। यहां वर्ष भर विदेशी, देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में आना होता है। बाबा भोरमदेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद कृष्णपक्ष के तेरस और चौदस को महोत्सव मनाने की यहां परम्परा रही है। साथ में सावन मास में मंदिर में विशेष पूजा अर्चना भी की जाती है। यहां सावन माह में मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में शामिल होते है। इस दौरान ऐतिहासिक महत्व स्थल भोरमदेव मंदिर की भव्यता और उसके महत्व को बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की पूरी जानकारी भी दी।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा दिया जा रहा: मंत्री

राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह उनका भोरमदेव महोत्सव में शामिल होने का पहला अवसर है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा प्रदेश के विकास के साथ-साथ संस्कृति के संवर्धन हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्राचीन मल्हार महोत्सव, तातापानी महोत्सव और चक्रधर समारोह जैसे सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से प्रदेश सरकार ने न केवल लोक संस्कृति को सम्मानित किया है, बल्कि सभी संस्कृतियों को संजोने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

### भक्ति संगीत व प्रसिद्ध कलाकारों और संस्कृति का अद्भुत संगम संजोया

भोरमदेव महोत्सव का शुभारंभ इस बार एक अद्वितीय और भक्तिमय प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी मधुर आवाज और भक्ति गीतों से मंदिर परिषर को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बाबा भोरमदेव और भोलेनाथ बाबा भजनों ने न केवल भक्तों के दिलों में श्रद्धा और आस्था को और मजबूत किया, बल्कि महोत्सव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी और बढ़ा दिया। भोरमदेव महोत्सव में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक अनुराग शर्मा ने भी अपने संगीत से माहौल को और भी शानदार बनाया। उनका गायन और संगीत छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के प्रति लोगों की श्रद्धा और प्रेम को और गहरा कर गया। भोरमदेव महोत्सव में बैगा नृत्य, फाग गीत, छत्तीसगढ़ी लोक कला के साथ स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति भी दी। महोत्सव में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और संस्कृति का अद्भुत संगम भी देखने को मिला। महोत्सव में स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जो युवाओं की कला और संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रतीक बनी।

# एलएलबी के बाद एलएलएम में टॉपर बनी शहर की दोनों प्रतिभाशाली बहने

- सिख समाज व शहरवासियों ने दी बधाई व शुभकामनाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एलएलएम सेकेण्ड सेमेस्टर में जून 2024 पं रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी ने अपनी मेरिट लिस्ट जारी की है, जिसमें छत्तीसगढ़ यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर कवर्धा शहर से अविनीश कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं उनकी छोटी बहन सुष्मित कौर छाबड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कवर्धा सहित अंचल साथ ही साथ सिक्ख समाज व परिवार का नाम रौशन किया है। अविनीश कौर ने कुल 1600 अंकों में 1168 अंक प्राप्त कर 73 प्रतिशत रहा वहीं सुष्मिता कौर ने 1600 अंकों में 1158 अंक प्राप्त कर 72.37 प्रतिशत प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार एलएलबी 2022 की परीक्षा में भी अविनीश कौर व सुष्मित कौर छाबड़ा ने टॉप टेन की लिस्ट में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया था व 2022 के दीक्षांत समारोह में अवनीश कौर को पं रवि शंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष 2025 के दीक्षांत समारोह में भी जो कि अप्रैल माह में होने जा रहा है, उसमें भी अविनीश कौर का नाम चयनित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों ही प्रतिभाशाली बच्चियां कवर्धा शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी गुरुदयाल सिंह छाबड़ा की पुत्रियां है। दोनों ही बच्चियों की सफलता पर कवर्धा सिख समाज सहित शहरवासियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।





# कुण्डा में जिला स्तरीय चंदनिया कुर्मी समाज ने मनाया होली मिलन, सम्मान समारोह का भी भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

कुण्डा में बुधवार को जिला स्तरीय चंदनिया कुर्मी समाज ने होली मिलन व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुण्डा स्थित नवनिर्मित चंद्राकर सामुदायिक भवन में जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा जिला स्तरीय होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, अध्यक्षता वीरेंद्र चंद्राकर, जिलाध्यक्ष चंदनिया कुर्मी समाज विशिष्ठ अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चंदनिया कुर्मी समाज मनहरन चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरेंद्र चंद्राकर, नंदलाल चंद्राकर, महादेव चंद्राकर, मनोहर चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, पालेश्वर चंद्राकर, हरेंद्र चंद्राकर युवा जिलाध्यक्ष, भूपेंद्र चंद्राकर, जलेश चंद्राकर प्रदेश युवा अध्यक्ष, अन्नपूर्णा चंद्राकर जिला महिला अध्यक्ष, ज्योति चंद्राकर पूर्व जनपद अध्यक्ष कवर्धा, अंजनी चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, गजपाल चंद्राकर, वागीश चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, सनत चंद्राकर, कपिल चंद्राकर, बल्ला चंद्राकर, संतराम चंद्राकर, सुकुतराम चंद्राकर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि भावना बोहरा एवं ममता चंद्राकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैलचित्र पर फूल-माला अर्पित कर पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात कार्यक्रम में सबसे पहले सामाजिक लोगो द्वारा फाग-गीत का गायन किया साथ ही समाज के नवनिर्वाचित जिला सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधन करते हुए कहा कि मुझे चंद्राकर समाज का चुनाव में भरपूर सहयोग मिला है। यहां आपके समाज में आकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। उन्होंने कहा कि समाज में संगठन की बहुत आवश्यकता है, समाज एकजुट रहेगा तो देश भी मजबूत होगा।



### तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 30 से

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक तीन दिवसीय भव्य श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन कुर्मी समाज एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। वहीं संगीतमय श्रीराम कथा के आयोजन की तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक प्रवक्ता दक्षिण कौशल चित्रकूट धाम संत राजीवलोचन दास महाराज द्वारा तीन दिवसीय श्रीराम कथा का रसपान आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को कराया जाएगा। जिस पर ग्राम आचार्य पं ब्रह्मानंद शर्मा क्षेत्रवासियो को अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।



## बाउंड्रीवॉल के अभाव में संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे

# पूर्व माध्यमिक शाला कोलेगांव विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलेगांव स्कूल परिषर में बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं के पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलेगांव में बाउंड्रीवॉल के अभाव में स्कूल परिषर स्थित शौचालय व पानी टंकी तथा नल को छेड़छाड व तोड़ फोड़ तथा आसामाजित लोगों द्वारा स्कूल परिषर में बैठकर शराब, गांजा व अन्य मादक पदार्थो का सेवन किया जा रहा है। जिससे स्कूली विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणो व पालक गण ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जल्द से जल्द बाउंड्रीवॉल की मांग की गई ताकि स्कूल परिषर मे आसामाजिक लोगों के जमावड़ा से राहत मिल सकें।




# चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्वारा-ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां महामाया मंदिर परिषर में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व अवसर पर ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से मां महामाया मंदिर परिषर में मनोकामना जोत-ज्वारा-ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां ग्राम समितियों द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसर चैत्र व क्वांर नवरात्रि में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मनोकामना ज्योति कलश स्थापना कर नौ दिनों तक माता की सेवा व विधि विधान से पूजा अर्चना जस सेवा गायन किया जाएगा।



**अव्यवस्था:** शासन-प्रशासन की अव्यवस्था तथा वीआईपी कलचर की भेंट चढ़ा भोरमदेव महोत्सव

# धमाकेदार रहा भोरमदेव महोत्सव का आगाज, दर्शकों ने तोड़ी सैकड़ों कुर्सियां

**अव्यवस्था से नाराज आम लोगों ने कुर्सियों तोड़कर जाहिर किया अपना गुस्सा, लाचार और मजबूर प्रशासन नहीं संभाल पाया बेकाबू भीड़, समय से पहले बंद करना पड़ा कार्यक्रम**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक धरोहर, भोरमदेव के दो दिवसीय महोत्सव का पहला दिन आयोजकों की बदइंतिजामी और व्हीआईपी कलचर की भेंट चढ़ गया। यहां महोत्सव के पहले दिन आम दर्शकों ने अव्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी व्यक्त करते हुए उत्पात मचाया वहीं सैकड़ों कुर्सियों को तोड़ दिया। दर्शकों का हंगामा और आक्रोश इतना बढ़ा की मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन उसे संभाल पाने में पूरी तरह से नाकाम दिखा, लिहाजा कार्यक्रम को ही समय से पहले बंद करना पड़ गया। दरअसल इस 29 वें भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां शासन-प्रशासन द्वारा बीते कई दिनो से की जा रही थी। तैयारियों को लेकर कई बार जिला प्रशासन के मुखिया से लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भी स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते रहे और संबंधितों को आदेश निर्देश देते रहे। लेकिन इस दो दिवसीय महोत्सव के लिए की व्यवस्थाओं की पोल उस समय खुल गई जब आयोजन के पहले दिन 26 मार्च को अंतरराष्ट्रीय शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपनी प्रस्तुति देने महोत्सव में पहुंचे। बताया जाता है कि हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति को देखने हजारों दर्शकों की भारी भीड़ महोत्सव में पहुंची थी। लेकिन शिकायत है कि आयोजकों द्वारा दर्शक दीर्घा इतनी लंबी बनाई थी कि पीछे के दर्शकों को न तो मंच सही ढंग से दिखाई दे रहा था और न ही गायकों की आवाज ही उन्हें साफ सुनाई दे रही थी। इस अव्यवस्था के बावजूद महोत्सव के शुभारंभ और कुछ शुरूआती कार्यक्रमों तक तो सब कुछ ठीक था। लेकिन छत्तीसगढ के कलाकार अनुराग शर्मा के बाद जैसे ही अंतरराष्ट्रीय शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपनी शानदार प्रस्तुति देने मंच में पहुंचे, पीछे बैठे दर्शकों का उत्साह और जोश बढ़ गया और वे मंच की तरफ बढने लगे बस यहीं से हगांमा शुरू हो गया। हंसराज को सुनने और देखने के लिए कोई आयोजन स्थल में लगे पोल और होडिंग में चढ़ने लगा, तो कोई बेरिकेटिंग को लांघ कर आगे बढ़ने लगा। देखते ही देखते आयोजन स्थल में हंगामा और उत्पात शुरू हो गया। कुछ लोग आपस में ही भिड़ गए। इस बीच अव्यवस्था से नाराज दर्शकों ने कुर्सियां तोड़नी शुरू कर दी और देखते ही देखते दर्शक दीर्घा में सैकड़ों कुर्सियों को लोगों ने जमीन में पटकर तोड़ डाला। दर्शकों का यह उत्पाद करीब घंटे भर से अधिक समय तक चलते रहा है। जिसे देखते हुए मूक और लाचार प्रशासन को गायक हंशराज रघुवंशी का कार्यक्रम समय से पहले ही समाप्त कराना पड़ गया।

### भीड़ को संभालने और नियंत्रित करने में नाकाम रहा प्रशासन

भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी के कार्यक्रम को देखते हुए इस बात की पूरी संभावना थी की यहां अपार भीड़ जुटेगी। लेकिन आरोप है कि जिस लिहाज से कार्यक्रम में भीड़ के आने की संभावना थी उस लिहाज से न तो प्रशासन की कोई व्यवस्था थी और न ही उसे नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम ही किए गए थे। यहां तक की जिस समय अव्यवस्था से नाराज लोग दर्शक दीर्घा में रखी कुर्सियां तोड़कर अपनी नाराजगी और आक्रोश प्रकट कर रहे थे उस समय भी उन्हें रोकने और टोकने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन का अमला मौके से नदारत था। जिसकी गवाही सैकड़ों की संख्या में टूटी हुई कुर्सियां स्वयं दे रही है।

### अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही थी महिलाएं और बच्चे

प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते भोरमदेव महोत्सव के पहले ही दिन आयोजन स्थल का माहौल कुछ ऐसा बन गया की व्हीव्हीआईपी और व्हीआई के साथ कार्यक्रम देखने पहुंची महिलाएं तथा बच्चे अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे। बताया जाता है कि यहां प्रशासन द्वारा कुछ इस तरह की बैरिकेटिंग की गई थी कि महिलाएं और बच्चे बनाई गई गैलरी में ही फंसकर रह गए और अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे। बाद में जैसे तैसे सभी बाहर निकल पाए।

### आम लोगों को नहीं भाया वीआईपी कलचर

सत्ता सरकार किसी की भी हो लेकिन इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों में जिस ढंग से व्हीव्हीआईपी और व्हींआईपी कलचर को कार्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाता है वह अब आम लोगों को जरा भी नहीं भाता। माना जा रहा है कि भोरमदेव महोत्सव में इस हंगामे और उत्पात की वजह भी कहीं न कहीं यही व्हीव्हीआईपी व व्हीआईपी कलचर ही रहा है। जिस ढंग से हजारों की संख्या में सत्ता सरकार और प्रशासन से जुड़े नेता, अधिकारी तथा उनके करीबी ऐसे कार्यक्रमों में मंच के सामने गद्देदार सौफा, सामने टेबिल और टेबिल में मंहगे से मंहगे ब्रांट की पानी बॉटल, प्लेट में काजू, बादाम, तरह-तरह की बिस्किट रखकर आसपास लगे कूलर की ठंडी हवा में कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं और पीछे बैठी आम जनता, जिसे न तो मंच दिखता है और न ही मंच की आवाज उन तक पहुंच पाती है, निश्चित रूप से यह सब आम लोगों के दिलो-दिमाक को पीड़ा और टीस देने वाला कृत्य है। अगर ऐसी अवस्था में आम लोगों का गुस्सा भड़कता है और हालात कुछ इसी तरह के निर्मित होते हैं तो शासन-प्रशासन के नुमाईदों को समझ लेना चाहिए की आगे उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने फूंका सीबीआई का पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास/कार्यालय में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा राजनीतिक दबाव में की गई द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा गुरूवार को कवर्धा नगर के सिग्नल चौक में सीबीआई का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा की भूपेश बघेल को जब भी कोई जिम्मेदारी या नेतृत्व मिला है तब-तब भाजपा के लोगों के द्वारा भूपेश बघेल की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई को सामने लाकर परेशान करने का काम किया करते हैं लेकिन बीजेपी वालों को और सीबीआई को ये पता नहीं है कि भूपेश बघेल उनके द्वेषपूर्ण कार्यवाही से डरने वाले नहीं है व जनहित की आवाज को उठाते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी विंग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### छात्र विनय का नवोदय में चयन



**कवर्धा।** ग्राम कांपा निवासी विनय कुमार कौशिक सुपुत्र धर्मेन्द्र कौशिक, माता संगीता कौशिक का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 वीं के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। बच्चे के इस उपलब्धि से क्षेत्र के सभी लोगों में खुशी व्याप्त है। विनय के चयन पर उनके परिजनो, शुभचिंतकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप

### नपा अध्यक्ष आज पेश करेंगें अपना पहला बजट



**कवर्धा।** नगर पालिका परिषद कवर्धा का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा 28 मार्च 2025 को अपने कार्यकाल का प्रथम बजट पेश करेंगें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 28 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे नगर पालिका परिषद की सभाकक्ष में बजट पेश किया जायेगा। बजट में सरकार की योजनाओं के साथ सुंदर व स्वच्छ कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने हेतु पूरी टीम के द्वारा प्रयास किया जायेगा। बजट में सभी के हितों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया जायेगा।

### छात्रा प्रिया चन्द्रवंशी का नवोदय में चयन



**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 कक्षा 6 वीं के लिए छात्रा प्रिया चन्द्रवंशी पिता रामकुमार चन्द्रवंशी का चयन होने पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई के समस्त स्टाप, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य सुमन गुप्ता तथा व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### बालाजी मंदिर निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**कवर्धा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर कला में बालाजी मंदिर निर्माण की भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बालाजी मंदिर निर्माण कार्यक्रम में क्षेत्र के सनातन हिंदू धर्म द्वारा भव्य एकता पद यात्रा निकाली गई। जिसमें बागेश्वर धाम कवर्धा शिष्य मंडल द्वारा खेड़ापति दादा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चनाकर सुबह 6:00 बजे हनुमान चालीसा पाठ पढ़कर किया गया। ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में भूमि पूजन कर भगवा ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजाराम साहू, नरसिंग चंद्राकर, रामजी केसरी, विक्रम चंद्राकर, धनी यादव, मिथलेश साहू, उत्तम सिंगरौल, रामेश्वर साहू, सेतराम साहू, शीतल साहू, कौशल चंद्राकर, रवि गुप्ता, ऋषि मिश्रा सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## संत कबीर कृषि महाविद्यालय में अरहर दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कवर्धा में आज अखिल भारतीय समन्वित अरहर परियोजना एवं इक्रीसेट के तहत एक दिवसीय अरहर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को अरहर की खेती, उन्नत किस्मों, बीमारियों तथा कीट प्रबंधन पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अरहर अनुसंधान परियोजना की प्रमुख डॉ. मयूरी साहू ने किसानों को अरहर की रबी एवं खरीफ फसल की बुवाई, उन्नत किस्मों और उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में दलहन फसलों की खेती और उनसे जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. श्याम सिंह ने अरहर फसल में लगने वाली बीमारियों तथा डॉ. निवेदिता ने कीट नियंत्रण पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम का सफल संचालन रविशंकर नाग ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. रवि लांझियाना ने किया। इस प्रशिक्षण से किसानों को अरहर उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे उनकी उपज बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## टीचर्स एसोसिएशन की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 28 मार्च को अपरान्ह 4.30 बजे राजमहल चौक के पास स्थित स्थानीय राजीव गाँधी पार्क में आयोजित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि बैठक में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान को लेकर डीईओ, बीईओ, डीडीओ एवं जिला व जनपद पंचायत को दिए जाने वाले अभ्यावेदन की जानकारी, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन की मांग, स्थानीय समस्याओं के निराकरण हेतु संघीय कार्यों, व्याख्याता व प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर रणनीति तय किया जाएगा। बैठक से ठीक पहले अपरान्ह 4.00 बजे जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों के स्थानीय समस्याओं के संबंध में चर्चा किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से बैठक एवं डीईओ से मुलाकात के लिए निर्धारित समय में उपस्थिति का आव्हान किया है।

## चिल्फीघाटी में तीन ट्रकों के एक साथ खराब होने से लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नेशनल हाईवे एनएच 30 में एक बार फिर भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जाता है कि यहां गुरूवार घाटी में एक साथ तीन ट्रकों के खराब हो जाने के कारण मार्ग जाम हो गया और मार्ग के दोनो और वाहनो की लंबी कटारे लग गई। हा लां कि पु लि स प्रशासन जाम को बहाल कराने का प्रयास कर रहा है लेकिन उसे अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित चिल्फीघाटी के नागमोड़ी मैं तीन ट्रक एक साथ एक ही जगह पर खराब हो जाने के कारण एवं घाट में जगह नहीं होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित हुई है। चिल्फी पुलिस ने बताया कि खराब वाहन इस कदर फंसे हुए हैं कि दूसरे वाहन निकल नहीं पा रहे हैं और जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। खराब वाहनो का सुधार कार्य जारी है। इस जाम में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों को भारी पेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर नगर शक्तिपीठों व मंदिरों में की जा रही जोरदार तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में चैत्र नवरात्र का पर्व श्रृद्धा भक्ति के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लस से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां नगर के शक्तिपीठों एवं देवी मंदिरों में शुरू कर दी गई है। पंचाग के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 2025 का शुभारंभ 30 मार्च दिन रविवार से होगा और समापन 6 अप्रैल दिन शनिवार को होगा। इस बार पंचमी तिथि के लोप होने के कारण नवरात्रि 9 दिन की बजाय 8 दिन की होगी, जो ज्योतिष की दृष्टि से एक विशेष संयोग है। पर्व के मौके पर हर बार की तरह इस बार भी श्रृद्धालुओं द्वारा नगर सहित अंचल के शक्तिपीठों में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जा रहे हैं। जिसका पंजीयन मंदिर समितियों द्वारा काफी पहले ही प्रारंभ कर दिया गया है, जो चैत्र नवरात्र के पहले ही दिन से शुभ मुहुर्त में आदि शक्ति के चरणों में जगमगाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि धर्मनगरी कवर्धा को शक्तिपीठों का गढ़ कहा जाता है और यहां चैत्र व क्वांर नवरात्र का पर्व हर साल धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया जाता है। धर्म और आस्था की इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर में स्थापित मां विंध्यवासनी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोष मंदिर, मां काली मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियां की जा रही है। चैत्र नवरात्र पर्व की नजदीकियों को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों की रंगाई पुताई व साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कर ज्योति कलश कक्षों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि इन शक्ति पीठों में हर साल नवरात्र पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। सार्वधिक मनोकामना ज्योतिकलश नगर के प्रमुख शक्तिपीठ मां विंध्यवासनी मंदिर में प्रज्जवलित कराए जाते हैं। जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा खास इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए विशाल कक्ष तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा पर्व के मद्देनजर मंदिर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई कर आकर्षक साज सज्जा की तैयारी है। ऐसी ही तैयारियां नगर के दूसरे शक्तिपीठों में भी की जा रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि एक बार फिर नगर व अंचलवासियों ने शक्ति की भक्ति करने की पूरी तैयारियां शुरू कर दी है।

### कलश बनाने में जुटे कुम्हार

आगामी 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले श्रृद्धा.भक्ति के इस पर्व का बड़ी बेसर्बी से इंतजार करने वाले नगर व आसपास के कुम्हार भी बड़ी सिद्दत से मिट्टी के कलश निर्माण कार्य में जुटे हुए है। इन कुम्हारों को विभिन्न मंदिर समितियों द्वारा हजारों की संख्या में ज्योति कलश निर्माण का आर्डर पहले ही मिल चुका है। जिनके निर्माण कार्य में कुम्हारों का पूरा परिवार लगा हुआ है। कलश निर्माण कार्य में जुटे कुम्हारों ने बताया कि नगर में स्थापित देवी मंदिरों की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। जिसके चलते हमें बड़ी संख्या में ज्योति कलश निर्माण का आर्डर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी गत वर्ष की तुलना में कहीं अधिक ज्योति कलश का निर्माण किया जा रहा है।

**मवेशियों और वनवासियों के सामने गहरा सकता है जल संकट**

## तपती गर्मी के साथ दम तोड़ने लगे अंचल के नदी, नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लोगों व मवेशियों के लिए काफी उपयोगी माने जाने वाले अंचल के कई नदी, नाले व तालाब बस अब कुछ ही दिनों के और साथी है। लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते इन जल स्त्रोतों का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। जिसकी चिंता क्षेत्रवासियों में देखी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि आज भी जिले के कई ग्राम ऐसे है जहां के बासिंदे निस्तारी के लिए नदी, नालों व उन जल कुण्डों पर निर्भर है जो बारिस के दिनों में भर जाते है। इनका उपयोग ग्रामीण नहाने, कपड़े धोने से लेकर मवेशियों को पानी पिलाने तक में करते है। लेकिन लगातार बढ़ रही गर्मी के साथ ये उपयोगी जल स्त्रोत ग्रामीणों का साथ छोड़ते नजर आ रहे है। विकासखण्ड बोड़ला के अंदरूनी ईलाकों के वनवासियों की माने तो वे मुख्य रूप से जंगल के भीतर बहने वाली छोटी नदियों व नालों के पानी पर आश्रित है। जिसकी बदौलत वे अपना और अपने मवेशियों की जरूरत पूरी कर लेते है। लेकिन तपिस बढने के साथ अब इन नदी, नालों का पानी कम होते जा रहा है। वनवासियों ने बताया कि प्रायः हर वर्ष अप्रैल-मई तक इनका पानी पूरी तरह सूख जाता है। लेकिन बीते वर्ष अच्छी बारिस होने के कारण अभी भी ये नदी, नाले उनकी जरूरत पूरी कर रहे है, पर यह अब कुछ ही दिन संभव है। उन्होंने बताया कि इन नदी-नालों के सूखने के बाद उन्हें झिरिया खोदकर काम चलाना पड़ेगा। इसी प्रकार कुण्डा क्षेत्र से बहने वाली हाफ नदी के किनारे बसे लोगों ने बताया कि नदी का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। उन्होंने स्थिति को देखते हुए संभावना व्यक्त की है कि मई माह के अंत तक नदी के कम गहराई वाले हिस्सों से पानी गायब हो जायेगा। यहां बताना लाजमी होगा कि हाफ नदी पर भी दर्जनो गांव की निस्तारी निर्भर है। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में इस बात की पूरी संभावना है कि अंचल में बहने वाले अधिकांश नदी, नाले, तालाब व दूसरे जल स्त्रोत लोगों को साथ छोड़ देंगे।

### भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा अर्चना...



**कवर्धा।** सुप्रसिद्ध और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर शिव भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने बुधवार को भोरमदेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक पूजा और अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भोरमदेवालय में शिव आराधना की और मंदिर की परिक्रमा भी की। हंसराज रघुवंशी ने अपने भजनों के माध्यम से लाखों भक्तों के दिलों में शिव भक्ति की अलख जगाते हैं, इस पवित्र स्थल पर पहुंचकर शिव के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और भक्ति को प्रकट किया। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों ने श्री रघुवंशी के साथ मिलकर शिव के भजनों का श्रवण किया। हंसराज रघुवंशी की आवाज में बसा शिव भक्ति का संगीतमाला भक्तों को मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान कर रहा था।